
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री कोठंडारामा स्वामी मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 22 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'सोनितपुर में राहुल के करीब भाजपा का झंडा लेकर आए लोग', अफरा-तफरी के बीच बस में वापस लौटे सांसद

**टीम एक्शन इंडिया/नौगांव**
राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आयोजन कर रहे हैं। यात्रा के आठवें दिन राहुल असम के सोनितपुर इलाके में पहुंचे। एक स्थान पर लोगों से मिलने बस से नीचे उतरे राहुल गांधी को अफरा-तफरी जैसे माहौल में कुछ सेकेंड के भीतर वापस बस में चढ़ाया गया। दरअसल, राहुल जिस बस से सफर कर रहे हैं उसके आस-पास भाजपा का झंडा लेकर पहुंचे कुछ लोगों को देखकर अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। इससे पहले पार्टी महासचिव जयराम रमेश की कार को निशाना बनाने की खबर भी सामने आई।

**हथियारबंद सुरक्षाकर्मी भी थे, कुछ ही सेकेंड में बस में वापस भेजे गए राहुल:** माहौल की संवेदनशीलता को देखते हुए मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को तत्काल बस के अंदर जाने को कहा। समाचार एजेंसी- एएनआई की वीडियो रिपोर्ट में देखा जा सकता है कि राहुल बस से नीचे उतरते हैं। आस-पास दर्जनों लोग मौजूद हैं। हथियारबंद सुरक्षाकर्मी भी राहुल के पास ही दिखे। इसी बीच चंद सेकेंड के भीतर राहुल को वापस बस में भेजा गया। राहुल के आसपास पहुंचे लोगों के मामले को सुरक्षा में चूक की तरह भी देखा जा रहा है।

**पार्टी सुप्रीमो खरगे की दो टूक- कांग्रेस डरने वाली नहीं:** असम के नौगांव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा बहुत अच्छी चल रही है। ये देखकर बीजेपी के लोग घबरा गए हैं। उन्होंने हमारे पीसीसी अध्यक्ष पर हमला किया, लेकिन वो डरने वाले नहीं हैं। वो कांग्रेस के एक सिपाही हैं। कांग्रेस किसी से डरने वाली नहीं है। बकौल खरगे 'यह मेरी बिल्ली मुझसे ही म्याऊं' जैसा है। जो बिल्ली कभी हमारे पास हुआ करती थी वह अब हम पर म्याऊं-म्याऊं कर रही है। हमने पहले भी ऐसे कई लोगों को देखा है। हम कभी नहीं डरेंगे, ये कांग्रेस का वादा है। बता दें कि हिमंत बिस्वा सरमा कभी कांग्रेस के बड़े नेता रहे थे।



## अयोध्याः रघुनंदन..अभिनंदन..अभिनंदन

### राम मंदिर: सुबह 10 बजे से गूंजेगी मंगलध्वनि, पूरी नगरी को आध्यात्मिक रंग देकर सजाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या** में रामलला के आगमन की घड़ी नजदीक है। सोमवार (22 जनवरी) को को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरी नगरी को आध्यात्मिक रंग देकर सजाया गया है। पूरे मंदिर परिसर की छंटा देखती ही बनती है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकप्रिय क्रिकेटर, मशहूर हस्तियां, उद्योगपति, संत और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों न्योता मिला है। अब भारत समेत दुनिया की नजरें प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक घड़ी पर टिकी हुई हैं।



### रात के समय मंदिर की आभा अलग ही छटा बिखेर रही

**रामलला** की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने के लिए हर स्तर की तैयारियां चल रही हैं। गर्भगृह से लेकर पूरे राम मंदिर को फूलों और रोशनी से सजाया गया है। रात के समय मंदिर की स्वर्णिम आभा अलग ही छटा बिखेर रही है। इसी बीच राम मंदिर के अंदर की एक्सक्लूसिव तस्वीरें सामने आई हैं।
तस्वीरों में अंदर के गेट और भव्यता दिखाई दे रही है। मंदिर के खंभे पर शानदार नक्काशी की गई है। वहीं, दीवारें मूर्तियों से सजी हैं। तस्वीरों में प्रभु राम का धाम अद्भुत-आलौकिक छटा दिखाई दे रहा है। मंदिर का वैभव देखते ही बन रहा है।

### प्राण प्रतिष्ठा की विधि दोपहर 12:20 बजे से शुरू

**ट्रस्ट** ने सोशल मीडिया पर प्रवेशिका का एक प्रारूप भी साझा किया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की विधि 22 जनवरी को दोपहर 12:20 बजे शुरू होगी। प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा अभिजीत मुहूर्त में की जाएगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय काशी के विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने निकाला है। यह कार्यक्रम पौष माह के द्वादशी तिथि (22 जनवरी 2024) को अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश में होगा।

**84 सेकंड का शुभ मुहूर्त:** शुभ मुहूर्त दिन के 12 बजकर 29 मिनट और 08 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड तक का रहेगा। यानि प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त केवल 84 सेकंड का है।

**प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम क्या है?:** 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिए न्यूनतम विधि-अनुष्ठान रखे गए हैं। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रातः काल 10 बजे से 'मंगल ध्वनि' का भव्य वादन होगा। विभिन्न राज्यों से 50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्र लगभग दो घंटे तक इस शुभ घटना का साक्षी बनेंगे।

**10:30 बजे तक मेहमानों को करना होगा प्रवेश:** उधर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले अतिथियों का आगमन शुरू हो जाएगा।

## मोदी ने धनुषकोडी में अरिचल मुनाई प्वाइंट का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/धनुषकोडी**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने (21 जनवरी) धनुषकोडी में अरिचल मुनाई प्वाइंट का दौरा किया। मान्यता है कि इसी जगह से भगवान राम ने अपनी सेना के साथ रामसेतु का निर्माण किया था। इसके बाद पीएम मोदी श्री कोठंडारामा स्वामी मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। सोमवार को अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर की अपनी यात्रा की झलकियां भी साझा कीं।
उन्होंन एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि वह शनिवार को मंदिर की अपनी यात्रा को "कभी नहीं भूलेंगे"।

**पूजा-अर्चना**

**तमिलनाडु के रामेश्वरम में अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर की अपनी यात्रा की झलकियां भी साझा कीं**






# रामो विग्रहवान् धर्मः



# श्रीरामोत्सव




"राम मंदिर के निर्माण की यह प्रक्रिया राष्ट्र को जोड़ने का उपक्रम है।"

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



## सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में
## प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का
# प्राण प्रतिष्ठा समारोह



गरिमामयी उपस्थिति

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

| आनंदीबेन पटेल | डॉ. मोहनराव भागवत | योगी आदित्यनाथ | महंत नृत्यगोपाल दास |
|---|---|---|---|
| राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ | मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | अध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास |

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 22 जनवरी, 2024 | समय : अपराह्न 12:20 बजे | स्थान : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रीअयोध्या धाम

**लाइव प्रसारण** DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# आस्ट्रेलिया से 10 दिन बाद करनाल पहुंचा साहिल का पार्थिव शरीर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**

**ऑस्ट्रेलिया में** विक्टोरिया के किलकुंडा बीच पर नहाते वक्त डूबे करनाल के कैमला गांव के साहिल का पार्थिव शरीर 10 दिन के बाद घरौंडा उसके घर पर पहुंचा। पैतृक गांव कैमला में साहिल का अंतिम संस्कार किया गया। शव ऑस्ट्रेलिया से कार्गो फ्लाइट से दिल्ली पहुंचा।



एयरपोर्ट पर सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एंबुलेंस दिल्ली से शव लेकर घरौंडा के लिए रवाना हुई। एंबुलेंस घरौंडा में रघबीर विहार कॉलोनी में पहुंची, जहां पर साहिल की मां, पिता, पत्नी और अन्य परिजनों ने अंतिम दर्शन किए। इसके बाद घरौंडा शिवपुरी का वाहन साहिल का शव लेकर कैमला पहुंचा। पिता भीम सिंह ने साहिल की चिता को मुखाग्नि दी। साहिल की अंतिम यात्रा में राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। विधायक हरविंद्र कल्याण भी मृतक के पिता को सांत्वना देने के लिए पहुंचे। बीती 12 जनवरी की शाम को साहिल अपने दोस्त अजय, अंकित व प्रवीन के साथ विक्टोरिया में किलकुंडा बीच पर समुद्र में नहाने के लिए गया था। परिजन राजेंद्र ने बताया कि नहाते वक्त साहिल का चश्मा पानी में गिर गया और वह उसे उठाने के लिए झूका तो पीछे से एक तेज लहर अपने साथ समुद्र की गहराई में ले गई। तीनों दोस्तों को वह समुद्र में काफी दूर दिखा। चारों में से किसी को भी तैरना नहीं आता था। दो ऑस्ट्रेलियन ने साहिल को एक बार पकड़ भी लिया था, लेकिन एक बार फिर लहर उसे बहा ले गई और वह उन्हें नहीं दिखा। रेस्क्यू के लिए शाम को हेलिकॉप्टर भी आ गया था, लेकिन अंधेरा होने की वजह से साहिल नजर नहीं आया। रात करीब 9 बजे साहिल का शव दूसरे छोर पर पुलिस को मिला। जहां पर पहुंचकर उसके दोस्तों ने शिनाख्त की और पहचान के बाद ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विक्टोरिया के अस्पताल में भेज दिया। साहिल की मौत से पूरे परिवार में शोक है। साहिल के चचेरे भाई संदीप ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में साहिल के शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हुआ, क्योंकि पुलिस हर एक पहलू पर बारीकी से जांच कर रही थी। जांच पूरी होने के बाद फैसला लिया गया कि शव का पोस्टमॉर्टम नहीं होगा। इसके बाद शव को फ्यूनरल ट्रांसपोर्ट एजेंसी को सौंपा गया। साहिल का शव उसके दोस्त अजय की देखरेख में ही भारत पहुंचा। साहिल के चचेरे भाई संदीप ने बताया कि उसके चाचा भीम सिंह का लडका साहिल वर्ष 2016 में स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था। वह मेलबर्न में एक फर्नीचर कंपनी में काम कर रहा था और दो साल पहले ही उसको पीआर मिल चुकी थी। 30 जनवरी 2020 में उसकी शादी गुढा गांव की अन्नू के साथ हुई थी और 2022 में साहिल अन्नू को भी अपने साथ ऑस्ट्रेलिया ले गया था। 10 दिन बाद ही साहिल की शादी की सालगिरह भी आने वाली थी, लेकिन उससे पहले इतनी बड़ी दुर्घटना हो गई, परिवार पूरी तरह से टूट गया है। करीब पांच महीने पहले ही साहिल ने ऑस्ट्रेलिया में अपना मकान लिया था और अपने माता.पिता को भी ऑस्ट्रेलिया में बुलाया था। करीब तीन महीने पहले ही घर का मुहूर्त किया गया था। मुहूर्त के बाद ही माता-पिता वहां से लौट आए थे। साहिल के चाचा भीम सिंह घरौंडा की रघबीर विहार कॉलोनी में अपनी पत्नी के साथ रहते हैं, क्योंकि उनका दूसरा बेटा पुर्तगाल में जॉब करता है। वह भी कुछ साल पहले ही विदेश गया था।

# मथुरा में बढ़ाई गई सतर्कता, आधार कार्ड लेकर चलें तो बेहतर

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**अयोध्या** में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। वहीं मथुरा में सतर्कता बढा दी गई है। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है और इसी सप्ताह में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों की मदद से लगातार नजर रखी जा रही है। क्षेत्राधिकारी गोवर्धन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बदस्तूर चैकिंग की जा रही है। इंटरस्टेट बोर्डर होने के नाते यहां नौ बार्डर पर लगातार बैरियर लगाकर चैकिंग की जा रही है। इसमें हम होटल, ढाबे, गेस्ट हाउस चैक किये गये हैं। बोर्डर पर लोगों की चैकिंग की जा रही है। हम लोगों को सफलता मिली है तीन लोगों को मादक पदार्थ और एक को आर्म्स एक्ट में बंद किया गया है। हालांकि आधार रखने की अनिवार्यता नहीं है लेकिन मथुरा सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कई मायनों में संवेदनशील है। ऐसे में आधार कार्ड अपने साथ लेकर चलें तो बेहतर है। स्थानीय लोगों के अलावा अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए बाहर से आने वाले लोगों के लिए यह बेहतर विकल्प है। कई बार आप से सुरक्षाकर्मी पहचान सुनिश्चित करने के लिए कह सकते हैं। जनपद में 19 जनवरी से धारा 144 लागू कर दी गइ है जो 17 मार्च तक लगू रहेगी। बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य मंदिरों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डर नं:** PU-CNB- ST-MSDAC-T65-2024 **दिनांक:** 19.01.2024

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि/परियोजना/कानपुर द्वारा ई- टेंडर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों/ज्वाइंट वेंचर फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए दो-पैकेट सिस्टम पर खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। यदि निविदा खुलने की तारीख पर अवकाश घोषित होता है या तकनीकी वजह से निविदा तय तिथि पर नहीं खुलती है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जाएगी।

**कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 9,37,25,557.19 (रु. नौ करोड़ सैंतीस लाख पच्चीस हजार पांच सौ सत्तावन और पैसा उन्नीस मात्र)।

**कार्य का नाम:** प्रयागराज मंडल के इटावा - कानपुर अनुभाग में फ्लड प्रोन स्टेशन / ऑटोमेटिक सेक्शन यथा फफूँद, भरथना, अछल्दा स्टेशन एवं जीएमी - पनकीधाम ऑटोमेटिक सेक्शन में एमएसडीएसी की आपूर्ति, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग, स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एवं रिले हट में अल्ट्रेशन / मोडिफिकेशन तथा तत्संबंधित कार्य।

**धरोहर राशि:** ₹ 618600.00 (रु. छह लाख अठारह हजार छह सौ मात्र)। **निविदा प्रपत्र राशि:** कुछ नहीं। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 माह। **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र वेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** दिनांक 12.02.2024, 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 12.02.2024, 15:30 बजे। **निविदा खुलने का स्थान:** निविदा उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि/परियोजना/कानपुर के कार्यालय में ऑनलाइन पोर्टल **www.ireps.gov.in** द्वारा खोली जाएगी। **ऑफर की वैधता:** खुलने की तिथि से 90 दिन तक। **निविदा डीलिंग हेतु रेलवे का अधिकार:** रेलवे प्रशासन को किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संसोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिना धरोहर राशि के निविदाए निरस्त कर दी जाएगी। निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण रेलवे की वेव साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित किसी भी निविदा मैं भाग लेने के लिए इच्छुक निविदाकारों को **www.ireps.gov.in** पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। विस्तृत विवरण वेव साईट पर अवश्य देखें। **131/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


# श्री राम के लिए कान्हा की नगरी में उल्लास चरम पर

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**श्री रामलला प्राण** प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के द्वारा पौष शुक्ल द्वादशी को श्री अयोध्या जी में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कान्हा की नगरी में उत्साह है। मथुरा जिले भर में एक हजार से अधिक मठ मंदिरों पर विभिन्ना धार्मिक अुष्ठान चल रहे हैं। कान्हा की नगरी में राम के आगमन पर दीपावली से उल्लास है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सिद्ध स्थली श्रीझाड़ी हनुमान मंदिर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 22 जनवरी को हनुमानजी का फूल बंगला सजाया जाएगा। भजन संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम पांच बजे मंदिर




जगमोहन व प्रांगण में 11 हजार मिट्टी के दीपक जलाए जाएंगे। कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेता जगदीश नौहवार ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के आगमन पर पूरा देश जश्न मनाएगा। भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमानजी के प्रांगण में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मंदिर व देवालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

शनिवार को भाजपा नेता जगदीश नौहवार ने हनुमान मंदिर के प्रांगण में झाड़ू लगाकर और कूड़ा उठाकर सफाई की। इस दौरान डेयरी एसोशिएसन के अध्यक्ष चौ. शीशपाल सिंह, लखमी सेठ, बाबूलाल प्रधान, मदन राघव लोहई, रामवीर प्रमुख, गोपाल चेयरमैन, पवन चौधरी, महेन्द्र सिंह, नेमसिंह पहलवान, मनोज चौधरी आदि मौजूद रहे। रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के द्वारा पौष शुक्ल द्वादशी को श्री अयोध्या जी में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीनदयाल नगर मथुरा की आठ बस्तियों के छोटे बड़े लगभग 110 मंदिरों पर साफ सफाई भजन कीर्तन सजावट के साथ ही शाम को दीपोत्सव रहेगा। दीनदयाल नगर की आठ बस्तियों में प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर विभाग की शिकायत शिक्षक को पड़ गई भारी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**सरकारी सेवक** आचरण नियमावली के उल्लंघन के आरोप में निलंबित चल रहे शिक्षक ने घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है। निलंबित चल रहे शिक्षक का कहना है कि उसे मुख्यमंत्री पोर्टल पर अव्यवस्था की शिकायत करना भारी पड गया है। विभागीय अधिकारियों ने पूरी जांच किये बिना ही उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही कर दी। शिक्षक ने 14 दिसम्बर को विभागीय अनियमितताओं को सोशल मीडिया पर उजागर किया था। बीएसए मथुरा की व्हाट्सएप ग्रुप और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत को लेकर बीएसए द्वारा निलंबित हुए सहायक अध्यापक ने निष्पक्ष जांच कर उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगायी है। उच्च प्राथमिक विद्यालय विसावली में देवदत्त शर्मा सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। जिनकी नियुक्ति 2018 को विसावली उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई थी। जो छात्र छात्राओं को गणित पढ़ाते हैं। कई महीनों तक गणित की किताबें विद्यालय में उपलब्ध नहीं होने पर शिक्षक ने इसकी शिकायत बीआरसी राया इन्फॉर्मेशन व्हाट्सएप ग्रुप पर की थी। जिस पर उच्च अधिकारी भी जुड़े हुए थे।

## बैंड बाजों के साथ राया में निकली राम जी की शोभायात्रा

**मथुरा। अयोध्या** में बन रहे नवनिर्मित श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राया में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने आरती उतारकर किया। शोभायात्रा सादाबाद मार्ग से प्रारंभ होकर कटरा बाजार रेतिया बाजार मांट मार्ग मथुरा मार्ग होते हुए सादाबाद मार्ग पर पहुंचकर समापन हुआ। शोभायात्रा में महिलाएं पुरुष बच्चे अपने हाथों में राम नाम की पताका लेकर जय श्रीराम के नारे लगाते हुए भजन कीर्तन करते हुए नाचते हुए साथ चल रहे थे जगह जगह शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

# क्यूआर कोड से टीटी को भुगतान कर सकेंगे रेल यात्री

### पहले टीटी क्यूआर कोड जनरेट करेगा फिर यात्री भुगतान कर सकते हैं

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**यात्री अब रेल** यात्रा के दौरान क्यूआर कोड से टीटी को भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए टीटी पहले क्यूआर कोड जनरेट करेगा इसके बाद यात्री उस क्यूआर कोड पर भुगतान कर सकते हैं। इस सुविधा से उन लोगों को सहूलियत होगी जो ऑनलाइन पेमेंट करना पसंद करते हैं। यह एक रिकार्ड भी होगा जिसे यात्री अपने पास यात्रा के दौरान रखेंगे। छावनी, आगरा किला एवं मथुरा जंक्शन पर एच एच टी में क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन कैश लेने के संबंध में ट्रेनिंग दी गई।



आगरा छावनी, आगरा किला एवं मथुरा जंक्शन स्टेशन पर टिकट जांच कर्मचारियों को एचएचटी के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर रेल किराया लेकर रसीद बनाने हेतु ट्रेनिंग दी गई। जिसमें समस्त आगरा मंडल के टिकट जांच कर्मचारियों को ऑनलाइन रसीद बनाना बताया गया साथ ही उनको क्यूआर कोड से पेमेंट लेने हेतु निर्देशित भी किया गया। उक्त कार्यवाही मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन मे सहायक वाणिज्य प्रबंधक आगरा वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। उक्त प्रशिक्षण में आगरा छावनी, आगरा किला एवं मथुरा जंक्शन के मुख्य टिकट निरीक्षक, डिटेल एवं स्टेशन तथा अन्य टिकट जांच कर्मचारी उपस्थित रहे। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेन में यात्रा कर रहे बिना टिकट, अनियमित यात्री, अनबुक्ड लगेज एवं निचले श्रेणी से उच्च श्रेणी में यात्रा करने हेतु टिकट जांच कर्मचारी एचएचटी में क्यूआर कोड के माध्यम से रेल किराया लेकर रसीद ले सकते हैं। इस प्रक्रिया में टिकट जांच कर्मचारी के रसीद बना कर क्यूआर कोड को जनरेट किया जाएगा। जिस को यात्री अपने फोन से स्कैन कर भुगतान कर सकते है।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# कर्ज से परेशान युवक ने रच दी ऐसी कहानी पहुंच गया सलाखों के पीछे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**कर्ज से परेशान** चल रहे फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी से ऐसी कहानी रच दी कि अब सलाखों के पीछे पहुंच गया। पुलिस ने लूट की झूंठी सूचना देने के आरोप में कंपनी के कर्मचारी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष महावन आशा चौधरी ने बताया कि महावन थाने पर डिगम्बर सिंह पुत्र सुल्तान निवासी भौरा गौरवा थाना इगलास जनपद अलीगढ़ ने 18 जनवरी को सूचना दी कि उसके साथ गौशाला तिराहे से गोकुल बैराज की तरफ जा रहा था तो मोटरसाइकिल सवार चार बदमाशों ने उसे तमंचा दिखाकर उसकी मोटरसाइकिल रूकवाकर बैग में रखे टाटा कैपिटल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के कलेक्शन के 1,04,066 रुपये व एक मोबाइल लूट कर ले गये हैं। डिगम्बर सिंह ने थाने पर अपने साथ हुई लूट की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस ने करीब 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरो को खंगाल डाला। घटनाक्रम जैसा कुछ सामने न आने पर पुलिस ने लूट की सूचना देने वाले फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से कड़ाई से पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गई। डिगम्बर ने पुलिस को बताया कि अपने ऊपर कर्जा होने से वह परेशान था। कर्ज उतारने के लिए उसने यह पूरी कहानी रची। पुलिस ने गौशाला तिराहा से लक्ष्मी नगर की तरफ जाने वाली सड़क पर बन्द पडे ढाबा से छुपाकर रखे गये 1,04,066 रुपए व मोबाइल बरामद कर लिये।

## प्रदीप भरंगर को रालोद में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**मथुरा। विधानसभा** चुनाव की तैयारियों में राजनीतिक पार्टियां जुट गई है। जनपद में मजबूत जनाधार रखने वाली पार्टी रालोद ने भी संगठन स्तर को और मजबूत करने पर काम शुरू कर दिया है। जिला इकाई ने कुछ दिन पहले नगर अध्यक्षों की घोषणा की थी। इसके बाद युवा रालोद ने भी नए पदाधिकारियों को पार्टी से जोड है जिससे कि पार्टी के कामों को गति दी जा सके। युवा रालोद की ब्रज क्षेत्र कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष उमेश चौधरी ने अनिल पचहरा को उपाध्यक्ष, प्रदीप भरंगर, सुरेश रावत, शिव कुमार फौजदार को महासचिव, हर्ष चौधरी, मौनू भगत, विष्णु फौजदार, केरन चौधरी को सचिव, नीरज रावत, नवीन गौतम, ठाकुर भगत सिंह, नीरज शर्मा एवं आनंद सिंह को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है।

## सैंड आर्टिस्ट ने रेत से बनाई श्री राम मंदिर की आकृति

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

कृष्ण की नगरी मथुरा में अयोध्या में चल रहे कार्यक्रमों को लेकर विशेष उत्साह बना हुआ है। दीपावली का माहौल ब्रज क्षेत्र में दिखाई देगा। अभूतपूर्व साज सजावट के साथ साथ जगह जगह भंडारे के आयोजन किया जा रहे हैं। वही सरकारी स्तर पर भी अनेक अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। नगर निगम मथुरा वृंदावन भी अपना योगदान देने में किसी से पीछे नहीं है। अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह के अनुसार महानगर के प्रमुख गोवर्धन चौराहा पर झांसी के सैंड आर्टिस्ट समीर द्वारा रेत से बनाई गई प्रभु श्री राम के मंदिर की छवि कृति देखते ही बन रही है। रेत से बनी इस आकृति को देखने के लिए



भारी भीड़ वहां उमड़ रही है। अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह के अनुसार मथुरा वृंदावन नगर निगम के क्षेत्र में 22 जनवरी को विशेष साफ सफाई की व्यवस्था की जाएगी। जिस तरह जन्माष्टमी पर सैकड़ो की संख्या में सफाई कर्मचारी 24 घंटे में ड्यूटी पर तैनात रहते है उसी तरह कल के लिए व्यवस्था की गई है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### राई गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाया

**राई: अयोध्या में** भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। ऐसे में पूरे देश भर में जगह-जगह कलश यात्रा और शोभा यात्राएं निकालकर प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत त्यागी राई व समस्त ग्रामवासियों ने रविवार को जय श्री राम के जयकारों के साथ गांव राई के वार्ड नंबर 8 में कलश यात्रा के दौरान भारी संख्या में मातृशक्ति, बच्चों ने व युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान जय श्री राम के नारे लगा कर व ढ़ोल नगाड़ों के साथ भगवान वाल्मीकि की तस्वीर को साथ मे लेकर कलश यात्रा को पूरा किया।उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को सभी लोग श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखें तथा श्रीराम जय राम जय जय राम का जाप 108 बार सामूहिक रूप से करें। इस अवसर पर बाबा महेश गिरी ,मनोज त्यागी ,मोंटी वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, सतीश वाल्मीकि, मोनू पांचाल, नरेश पांचाल, रविकांत ,संजय, प्रदीप शर्मा, राकेश कौशिक ,मनीष, ललित, खेमचंद शर्मा, विशाल कौशिक, रवीन कौशिक, प्रमोद शर्मा , शोरव त्यागी, छोटे लाल,अनिल त्यागी, गुड्डु, संजीव त्यागी, प्रवेश शर्मा, प्रतीक,अंकित कौशिक, सागर, मोहित ,अशोक कौशिक आदि शामिल हुए।

### जठेड़ी गांव में बन रहे श्री राम मंदिर की मूर्तियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई

**राई।** जठेड़ी में बन रहे राम मंदिर से जठेड़ी व आस पास के गांवों के श्रीराम भक्तों ने अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अपने गांव में राम मंदिर की श्रीराम परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली। यात्रा में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। मंदिर समिति के प्रधान राजेन्द्र (रोकी) ने बताया कि श्रीराम , राधे कृष्णा व दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना पर ग्रामीणों का हजूम उमड़ा देख ऐसा लगता है गांव का राम मंदिर आस्था का केन्द्र होगा। मंदिर के कौषाध्यक्ष अरुण ने बताया कि करीब 500 माताओं ने कलश लेकर पूरे गाँव का नगर दर्शन करवाया गया। समिति के सदस्य राकेश ने बताया कि मंदिर की समिति की तरफ से पूरे गाँव में लड्डू, फल का प्रसाद वितरण किया । समिति के अन्य सदस्य संदीप (छोटू) व प्रिंस बिट्टू ने भव्य कलश यात्रा की व्यवस्था में सहयोग किया। सरपंच योगेश जठेड़ी ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में कोई भी भगवान श्री राम का मंदिर नहीं है इसलिए श्री राम भक्तों के लिए भगवान श्री राम मंदिर, गौरी शंकर सेवा समिति देखरेख में सुन्दर बनाया गया है। मुइस मौके पर समय सिंह पंच, साहिल, जितेंद्र काला, सत्यवान, दीपक ,सुरेंद्र, राजेंद्र करनी सेना,सन्नी,जयपाल आदि मौजूद थे।

### बाबा खाटू श्याम के दर्शनों के लिए निशुल्क बस में रवाना हुए पावसरा के श्रद्धालू

**राई।** राई हलके में कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी जयभगवान आंतिल हलके के लोगों को निशुल्क अपनी बस में धार्मिक स्थलों के दर्शन करवा रहे है। इसी कड़ी में रविवार को हलके के गांव पावसरा से बच्चों, महिलाओं व लोगों को निशुल्क खाटू श्याम बाबा के राजस्थान में दर्शनों के लिए बस में रवाना किया। अब तक वे हजारों लोगों को विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाकर मानव भलाई के कार्य में लगे हुए है।



कांग्रेस नेता जयसभगवान आंतिल ने कहा कि भक्तजनों को निशुल्क बाबा के दर्शन करवाने के लिए दर्शन करवाने से बड़ा और कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। वे अपनी बसों से बाबा खाटू श्याम धाम के दर्शन के लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता।

उन्होंने बताया कि बाबा श्याम भक्तों की मन्नत मांगने पर हर मुराद पुरी करते है। इस मौके पर रवाना हुए भक्तों ने आंतिल द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के विभिन्न कार्यों के साथ निशुल्क बस सेवा की सराहना की।

# घरौंडा की विग कॉलोनी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

### 'मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर ऐतिहासिक निर्णय लिया, अब वहां के गरीबों को केंद्र की योजनाओं का लाभ मिलने लगा है'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज घरौंडा की विग कॉलोनी पहुंची। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जहां लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं उनकी समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया गया। भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। एसडीएम आदित्य और घरौंडा नगर पालिका के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि एक समय था जब विदेशी भारत को सपेरे का देश का कर खिल्ली उड़ाते थे, लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। श्री मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर ऐतिहासिक निर्णय लिया। अब वहां के गरीबों को केंद्र की योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ने आयुर्वेद और योग को बढ़ावा दिया है। प्राचीन संस्कृति को उभारा है। विदेशों में भी गीता जयंती के आयोजन होने लगे हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर मोटे अनाज का उपयोग भी बढ़ा है। भारत आज आर्थिक रूप से भी मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भी भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का है। यह कार्य तभी संभव होगा जब हर व्यक्ति दायित्व का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों ने वोट के लिए झूठे वादे किए लेकिन भाजपा की कथनी और करने में अंतर नहीं है। भाजपा ठीक को ठीक और गलत को गलत कहने से गुरेज नहीं करती। भ्रष्टाचार पर नकल डालने के लिए ही पोर्टल, ई-टेंडरिंग और ऑनलाइन सेवाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने हलके में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।

## नागेंद्र कुमार शर्मा बने हरियाणा कला परिषद के निदेशक

### नागेंद्र शर्मा को कला परिषद का निदेशक बनाए जाने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)हरियाणा कला** परिषद द्वारा प्रदेश की कला और संस्कृति को नए आयाम देने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा कला परिषद के निदेशक के पद पर अम्बाला से रंगकर्मी एवं हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र कुमार शर्मा को नियुक्त किया तथा रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नागेंद्र शर्मा को निदेशक की कुर्सी पर बैठाकर कला परिषद की बागडोर सौम्पी। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने दी। गौरतलब है कि नागेंद्र शर्मा वर्ष 2019 से हरियाणा कला परिषद में अतिरिक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे। इनके कार्यकाल में किये गए सांस्कृतिक कार्य अत्यंत सराहनीय रहे। जिनके द्वारा न केवल प्रतिष्ठित एवं उभरते कलाकारों को मंच मिला, अपितु विभिन्न विधाओं को भी नागेंद्र शर्मा पुनः अस्तित्व में लेकर आए। हरियाणवी मखौल प्रतियोगिता, पारम्परिक लोकगीत कार्यशाला, हरियाणवी नाट्य कार्यशाला, कोरोना काल में कलाकारों की कला यात्रा, आजादी के 75वें वर्ष मे 75 कलाकारों द्वारा 75 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आदि उल्लेखनीय कार्य रहे हैं। इतना ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में नागेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र 48 कोस भूमि में स्थित 108 तीर्थों पर 75 सांस्कृतिक दलों द्वारा अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर गीता महोत्सव को सफल बनाया गया।

## युवा स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलें : प्रो. रमेश गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। बागवानी** महाविद्यालय एमएचयू के प्रांगण में एनएसएस ईकाई द्वारा युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रांगण की साफ सफाई तथा फिटनेस गतिविधियां आयोजित की गई। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक व बागवानी महाविद्यालय डीन प्रो. रमेश गोयल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी कहा करते थे कि डर का सामना करो, उससे भागो मत। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि जीवन का उद्देश्य दूसरों की सेवा करना है और उन्होंने लोगों को निस्वार्थ सेवा के माध्यम से समाज की भलाई के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के बारे में बताते हुए कहा कि स्वामी जी कहा करते थे कि हर युवा राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। ऐसे में युवाओं को अपने सामर्थ्य का उचित प्रयोग करना चाहिए। युवाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी, आधुनिक पीढ़ी में है।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली

**राई। पेक्स** ग्रीन सोसाइटी में रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा में सोसाइटी की महिलाओं ने कलश यात्रा व पुरूषों ने भव्य -ांकी में भाग लिया। यात्रा के दौरान भाजपा नेता नरेन्द्र धीमान ने जय श्रीराम के नारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। शोभा व कलश यात्रा सोसाइटी के मंदिर से शुरू होकर सोसाइटी के चारों तरफ से होती हुई वापिस मंदिर में आकर समाप्त हुई। भाजपा नेता नरेन्द्र धीमान ने बताया कि 22 जनवरी को अपेक्स ग्रीन सोसाइटी में सुंदरकांड का पाठ, यज्ञ समारोह और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## सभी लोग लें स्वच्छता का प्रण, 22 को मनाएं घरों में दीवाली: सुभाष चंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। अयोध्या में** 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर में दिवाली जैसा माहौल बना हुआ है। इसको लेकर जिले के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंदिरों में स्वच्छता अभियान के साथ ही श्रद्धालुओं को अपने घरों में कम से कम पांच दीपक प्रज्वलित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने आज शहर की शिव कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया और मंदिर में साफ सफाई की। उनके साथ स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकर्ता और भाजपा नेता भी



मौजूद रहे। इन सबने मिलकर मंदिर की साफ सफाई की और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। सुभाष चंद्र ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं से कहा कि सभी 22 जनवरी को दिवाली की तरह मनाएं और अपने घरों में दीप जलाएं। यह दिन किसी पर्व से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई अभियान चलाया था। उसे देखते हुए लोगों की सोच बदली है। अन्य मंदिरों में भी लोग इसी तरह अभियान चलाएं।

उन्होंने कहा कि यह 22 तारीख तक सफाई का अभियान तो है ही, इसके साथ-साथ हम लोगों को मंदिरों की सफाई निरंतर करनी चाहिए इससे मंदिरों का वातावरण शुद्ध रहता है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में हाथों-हाथ हो रहे आमजन के जरूरी कार्य : रेनू बाला

### विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को करनाल के वार्ड नंबर-5 की विकास कॉलोनी में पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा रविवार को करनाल के वार्ड नंबर-5 की विकास कॉलोनी में पहुंची। यहां पर करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता बतौर मुख्यतिथि के रूप में मौजूद रही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आमजन से जुड़े जरूरी कार्य हाथों हाथ हो रहे हैं। कड़ाके की ठंड के बीच भी लोगों का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मेयर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों का नागरिकों को उनके घर-द्वार पर सीधा लाभ मिल रहा है। लोग जहां एक तरफ विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी



ले रहे हैं वहीं दूसरी ओर परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ चैक और उज्वला योजना से संबंधित स्कीमों का मौके पर ही लाभ उठा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम बहुत ही कारगर साबित हो रहे हैं। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाकर स्वरोजगार अपनाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक बार फिर से विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। आज देश व प्रदेश में विकास की नई तस्वीर उभर कर सामने आ रही है, जिसे पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत हर क्षेत्र में तरक्की की नई ऊंचाई छू रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसान, महिला, युवा और खिलाड़ी के जीवन उत्थान को प्राथमिकता पर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब की भलाई के लिए वचनबद्ध हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर जरूरतमंदों तक पहुंचा रही है। उन्होंने यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और नागरिकों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में लोगों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाए।

**लाभार्थी**

▶▶ विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आमजन से जुड़े जरूरी कार्य हाथों हाथ हो रहे हैं

## प्राण प्रतिष्ठा की बेला की जनता बेसब्री से इंतजार कर रही थी : कुलदीप



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नांगल कलां गांव टीडीआई में विशाल -ांकी निकाली। भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। दर्जनों ट्रैक्टरों के लंबे काफिले के साथ बैंड बाजे से यात्रा आकर्षक का केन्द्र बनी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने संबोधित करते हुए कहा कि देश विदेश के करोड़ो राम भक्तों की आस्था का केन्द्र राम मंदिर में रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। ये महोत्सव ऐसा होगा जो कभी किसी ने न देखा होगा।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बेला की जनता इंतजार कर रही थी कि यह ऐतिहासिक क्षण दोबारा नहीं आने वाला है। ऐसे अवसरों का साक्षी बनने का सौभाग्य भी सौभाग्य से मिलता है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामनगरी का स्वरूप उत्सवधर्मी दिखाई दे रहा है। जिसके लिए सांस्कृतिक के साथ-साथ आध्यात्मिक कार्यक्रम भी हो रहे है। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राजकुमार शर्मा फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क नेत्र जाँच कैम्प में 345 लोगो ने करवाई अपनी आंखों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

गांव कुमासपुर में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखनभोग वाले) द्वारा नि:शुल्क नेत्र जाँच कैम्प आयोजित किया गया शिविर में गांव के 345 लोगो ने अपनी आँखों की जांच करवाई। शिविर में आने वाले सभी जरूरतमंदों को निशुल्क चश्में वितरित किए गए इसके अलावा 45 लोगों को मोतियाबिंद मिला। जिनका फाउंडेशन द्वारा निशुल्क दिल्ली में आप्रेशन करवाया जाएगा। डॉ श्रॉफ़ चैरिटेबल हॉस्पिटल व दृष्टि सेवा समिति की टीम से डॉ धीरेंद्र सिंह ने शिविर में आए रोगियों की आंखों की जांच की। फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि संस्था द्वारा राई हलके के अधिकतर गांवों में निशुल्क नेत्र जांच लगवाए जा चुके है। जो गांव



बच गए है। उनमें भी जल्दी शिविर लगवाए जाएंगे। उन्होने कहा कि इसके अलावा भी संस्था समाज सेवा के विभिन्न कार्य कर रही है। फाउंडेशन द्वारा हलके में निशुल्क एम्बुलेंस की व्यवस्था, लड़कियों के लिए कालेज जाने के लिए निशुल्क बसे व पीने के पानी के लिए पानी के टैंक, दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर आदि सुविधा दी जा रही है।प्रतिक शर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य हलके के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। शिविर में गांव के वेद प्रकाश, मुकेश, सुधीर, प्रकाश, कृष्ण, राम मेहर, आज़ाद, अशोक, काला, राकेश, नवीन, विनोद आदि शामिल रहे।

## अंत्योदय के सपने को साकार कर रही संकल्प यात्रा : संजय

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा रविवार को करनाल के वार्ड नंबर-14 में जनकपुरी पहुंची। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला बतौर मुख्यतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक देश को 'आत्मनिर्भर एवं विकसितइ बनाने के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ 'विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है।

इस यात्रा के दौरान पात्र



लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ देकर 'अंत्योदयइ के सपने को साकार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मेयर रेनू बाला गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि 2047 तक देश को 'आत्मनिर्भर और विकसितइ राष्ट्र बनाना है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने में जिला प्रशासन द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है, जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर और विकसितइ भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है।

## मेहनत के बल पर दुनिया में लिख सकते हैं सफलता का नया इतिहास: प्रितपाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। दुनिया में** बहुत से ऐसी महान सख्शियते हुई हैं, जिन्होंने अनाथ होने के बावजूद अपने अपने क्षेत्र में सफलता की बुलंदियों को हासिल किया। इनमे से विश्व विजेता नेपोलियन, जॉर्ज वॉशिंगटन, मार्क्स, लेनिन, स्टैलिन, हिटलर, रूजवेल्ट, बराक ओबामा जैसे वैश्विक प्रसिद्ध हस्तियों के साथ साथ लाखों बच्चों का भविष्य संवारने वाले नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यारथी व इफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति की पत्नी व इंग्लैंड के मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास सुधा मूर्ति भी शामिल हैं। अनाथ आश्रम में पले बड़े बच्चे भी अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर



दुनिया में सफलता का नया इतिहास लिख सकते हैं।

ये विचार आज निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने श्रद्धानन्द अनाथ आश्रम के बच्चों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स द्वारा सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेस, कानन इंटरनेशनल के साथ मिलकर लगातार चल रहे अभियान 26 नवम्बर से 26 जनवरी देश की बात के तहत आज श्रद्धानन्द अनाथ आश्रम के बच्चों को जीवन में सफल होने के सूत्र बताने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजन के मुख्य वक्ता प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बच्चों को छोटी-छोटी मोटिवेशनल कहानियाँ व असल जिंदगी के उदाहरण देकर उन्हें सफलता के रास्ते से अवगत किया। बच्चों को सुनने की कला, स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क, अपनी ताकत व कमजोरियों को पहचानने के लिये स्वॉट परीक्षण, अच्छे लोगों की संगत करने, अच्छा देखने, अच्छा पढ?, बाधाओं से विचलित न होने व हर विषय का स्वयं अध्ययन करने की विधि व महत्व बताया। साथ ही विद्यार्थियों को सफलता की राह पर चलने के साथ साथ देश, समाज, संस्थान व परिवार के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों

**स्वागत**

▶▶ अनाथ आश्रम में पले बड़े बच्चे भी अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर दुनिया में सफलता का नया इतिहास लिख सकते हैं।

## दुनिया की सबसे महंगी चाय - "विलास एम्ब्रोसिया" का भव्य उद्घाटन दिल्ली के इंडियन हैबिटेट सेंटर में किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** विलासा एम्ब्रोसिया, एक ऐतिहासिक मील का पत्थर मनाता है क्योंकि यह भारत में चाय के 200 साल पूरे होने का जश्न मनाता है, जो उस युग की याद दिलाता है जब यह अमृत रॉयल्टी के लिए एक विशेष भोग था, जो प्रतिष्ठा का प्रतीक था। उस पुरानी परंपरा की समृद्धि को पुनर्जीवित करते हुए, विलासा एम्ब्रोसिया ने चाय पीने को सामान्य से असाधारण तक बढ़ा दिया है, ताजगी भरी सुबह से लेकर स्वास्थ्यप्रद दोपहर से लेकर शानदार शाम के एपिसोड तक हर पल और हर दिन के लिए चुनिंदा बेहतर चाय का चयन पेश किया है। तीन शक्तिशाली महिलाओं द्वारा स्थापित - विभिन्न भौगोलिक स्थानों से आने वाली, विभिन्न आयु समूहों और जीवनशैली में फैली हुई, और अलग-अलग संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाली - ये दूरदर्शी व्यक्ति एक साथ आए, जिससे दोस्ती का एक लचीला बंधन बना। एक साझा जुनून और प्यार से एकजुट होकर, उन्होंने एक प्रीमियम चाय ब्रांड बनाने की यात्रा शुरू की। "विलास एम्ब्रोसिया" नाम दिव्य अमृत के साथ जुड़ी हुई इंद्रियों की विलासिता का प्रतीक है। "विलासा" का अर्थ है विलासिता, इंद्रियों के लिए विलासिता, फूस का आनंद और "एम्ब्रोसिया" का अर्थ है देवताओं के लिए उपयुक्त पेय, जीवन के लिए अमृत। असम में सोने के टुकड़ों की खेती से लेकर चाय की पत्तियों की खेती तक के ऐतिहासिक परिवर्तन पर आधारित, विलासा एम्ब्रोसिया ने विरासत से जुड़ी दो विरासतों को एक साथ बुना है। असाधारण और दुनिया की सबसे महंगी चायों में से एक, गोल्ड फॉइल्ड टी का अनावरण, विलासिता के प्रति ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देता है। विलासा एम्ब्रोसिया केवल अभिजात वर्ग की सेवा तक ही सीमित नहीं है; यह चाय प्रेमियों के हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्तम चाय की अपनी श्रृंखला का विस्तार करता है।

संपादकीय

# जैन साहित्य में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम

श्रमण डॉ. पुष्पेन्द्र

**कुलों को** धारण करने वाले कुलकर कहलाते हैं, जिन्हें 'मनु' भी कह कहते हैं। अंतिम कुलकर नाभिराय थे, जिन्हें तिलोयपणत्ती में भी मनु कहा गया है। इसके अनंतर श्लाका पुरुषों का उल्लेख आता है। उसमें 24 तीर्थंकर, 12 चक्रवर्ती, 9 बलभद्र, 9 नारायण और 9 प्रति नारायण इस तरह कुल 63 शलाका पुरुष हुए हैं। नौ बलदेवों में 'राम' का उल्लेख है। प्रागैतिहासिक काल में राम को पुरुषोत्तम कहा गया है। वे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। वे नरत्त्व से नारायणत्वकी ओर अग्रसर हुए, उन्हें परम प्रतापी, धर्मज्ञ, कर्तव्य परायण, पितृ आज्ञाकारी, मातृशक्ति के प्रति आस्थावंत, गम्भीर, धीर-वीर एवं नैतिक गुणों से परिपूर्ण परिलक्षित किया गया है। प्राकृत में रचित अनेक काव्यों में 'राम' को पद्म भी कहा गया है। विमलसूरि ने पउमचरियं नामक ग्रन्थ की प्राकृत में रचना की है। यह काव्य पौराणिक है, इसमें 'राम' के चरित्र की यथार्थवादिता के भी दर्शन होते हैं। इसमें प्राकृतिक घटनाओं, मानवीय मूल्यों, धार्मिक वातावरण, सामाजिक रीतियां एवं रूपात्मक विवरण है। इसमें परम प्रतापी पुरुषों के जीवनवृत्त आदि भी का समावेश है। जैन रामकथा पैराणिक कथा है, इसमें लोकतत्व, कालतत्व, वंश परंपरा आदि भी विद्यमान है। जैन रामकथा में राम, लक्ष्मण, भरत आदि के चित्रण के साथ रावण, जटायु आदि के पूर्वजन्मों की कथाएं भी विद्यमान हैं। राम शलाका पुरुष हैं। पुरुषोत्तम हैं व पद्म सदृश होने से इन्हें 'पद्म' भी कहा गया है। चरित्र एवं पुराण काव्यों में राम को 'पद्म' उल्लेखित किया गया है। इसी प्रचलित 'पद्म' शब्द के आधार पर आचार्य रविषेण ने पद्मपुराण लिखा। सोमदेव भट्टारक, धर्म कीर्ति भट्टारक ने संस्कृत भाषा में एवं महाकवि स्वयंभू ने अपभ्रंश में 'राम' का चित्रण किया है। कवि रइधू, चन्द्रकीर्ति एवं ब्रह्मजिनदास ने भी अपभ्रंश में पउमचरीउं ग्रन्थ की रचनाओं में राम के लौकिक व धार्मिक स्वभाव का बड़ा ही मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया है। पुरुषोत्तम श्रीराम जैन धर्म के बींसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रत काल में हुए। जो सहस्त्रों वर्षों का काल माना जाता है। राम भरतखण्ड के साकेत में उत्पन्न हुए, जिसे अयोध्या भी कहा गया है। अयोध्या, चित्रकूट, दसपुर, दण्डकवन, किष्किन्धा आदि स्थान जंबूद्वीप के अन्तर्गत भरत खण्ड में विद्यमान थे। भरतखण्ड को भरतक्षेत्र भी कहा जाता है। भरतक्षेत्र के उत्तर में हिमवान पर्वत और मध्य में विजयारध पर्वत होने का उल्लेख मिलता है और 'राम' का सबंध भरतक्षेत्र से रहा है जो कि अपने आप अतुलनीय है। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव इक्ष्वाकु वंश के थे। इक्ष्वाकु वंश की इसी पृष्ठभूमि से 'सूर्यवंश का उद्भव हुआ है। इसीलिए राम सूर्यवंशी कहलाए। श्रीराम आठवें बलदेव हैं जिसे तिलोयपणत्ती में भी देखा व समझा जा सकता है। वस्तुतः राम पुरुषोत्तम हैं। वे अन्याय एवं अत्याचारों को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए जन्म लेते हैं। वे उत्तमोत्तम कर्म करने वाले महापुरुष रहे हैं। वस्तुतः राम अपने युग के पुरुषोतम थे और आज भी पुरुषोत्तम राम बने हुए हैं तथा जनमानस को भी पुरुषार्थ पुरुषोत्तम बनने का सफल संदेश दे रहे हैं। राम अयोध्यापति दशरथ के पुत्र थे। वैदिक, जैन एवं बौद्ध परंपरा में 'राम' के विविध आदर्श हैं। जो हजारों वर्षों से जन मानस को चेतना का पाठ पढ़ा रहे हैं। 'राम' के चरित्र में आत्मस्वरूप की उत्कृष्ट स्थिति है, जो कि वर्तमान समय में आत्मस्वरूप की ओर अग्रसर करती है।

# अयोध्या का 'नया अध्याय'

प्रियंका सौरभ

"अतः धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से भी अयोध्या को प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है। अयोध्या के इसी ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने यहां आने वाले पर्यटकों और निवासियों की सहुलियत के लिए धर्मनगरी के कायाकल्प का जिम्मा संभाला है। अयोध्या का नाम सुनते ही मन रामायण के पन्नों में खो जाता है। यही वह पवित्र भूमि है जहां भगवान राम का जन्म हुआ, उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंग घटित हुए। सदियों से, अयोध्या तीर्थयात्रियों और विद्वानों की आस्था का केंद्र रहा है, जहां मंदिरों और आश्रमों से ज्ञान और आध्यात्मिकता का प्रकाश बिखरता है। मुगल काल का एक अध्याय अयोध्या के इतिहास में खून के धब्बे छोड़ गया। राम जन्मभूमि पर मस्जिद का निर्माण, विवादों का बीज बो गया। 1992 में हुए तनावपूर्ण घटनाक्रमों के बाद, यह विवाद सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक पहुंचा"

**अयोध्या** की पावन धरती पर, सरयू नदी के मधुर स्वर के साथ गुंजायमान श्री राम जन्मभूमि मंदिर की भव्यता आस्था का एक ऐसा महाकाव्य प्रस्तुत करती है, जिसके स्वर सदियों के इतिहास को बयां करते हैं। भगवान राम के जन्मस्थान के रूप में विख्यात, यह मंदिर केवल ईंटों और पत्थरों का समूह नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का दर्पण है, जहां इतिहास, संस्कृति और आस्था एक स्वर्णिम त्रयी में बंधे हुए हैं। राम मंदिर के भविष्य में उज्वल प्रकाश नजर आता है। आध्यात्मिकता, संस्कृति और पर्यटन का केंद्र बनता अयोध्या, आधुनिक तीर्थस्थल के रूप में विकसित होगा। यह मंदिर न केवल भारत के अतीत का गौरवशाली इतिहास समेटेगा, बल्कि एक उज्वल भविष्य का निर्माण भी करेगा। यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ पारंपरिक संस्कृति का संगम होगा।राममय हुई अयोध्या के नाम एक और अध्याय जुड़ने जा रहा है। सज रही अयोध्या सारी, अयोध्या में राम ही राम, बनेंगे बिगड़े काम। राम मंदिर की सौगात, श्रीराम का दिव्य दरबार। गूंज रही एक ही आवाज, लौट आया 'राम राज्य'। अध्यात्म से समृद्ध राम नगरी अब सफलता का नया अध्याय लिखने जा रही है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या की तस्वीर के साथ-साथ तकदीर भी बदल गई है। ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में उत्तर प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके साथ ही, आर्थिक रूप से अयोध्या भी विकास की नई सीढ़ी चढ़ी है। उत्तर प्रदेश का पवित्र शहर अयोध्या, भगवान राम की जन्मस्थली के रूप में अत्यधिक धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। रामायण और महाभारत जैसे प्राचीन ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। इसी कारण अयोध्या एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल भी बन गया है। शहर की सांस्कृतिक पहचान इसके इतिहास और धार्मिक महत्व के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। ऐसे में हर भारतीय के लिए इसके बारे में जानना बेहद दिलचस्प साबित होगा। अयोध्या एक नगरी नहीं, एक आस्था है। एक समर्पण है, एक विश्वास है। एक एहसास है, अयोध्या जहां के कण-कण में बसते हैं। प्रभु राम, अयोध्या, जहां की फिजाओं में गुंजता है। सनातन धर्म का शंखनाद, ये नगरी है, श्री राम की। ये नगरी है, अखंड विश्वास की। 1990 से अबतक अयोध्या



की चीत्कार थी, कि अयोध्या नगरी प्रभु राम की है। तब से लेकर अबतक राम जन्मभूमि आंदोलन हिंदू सभ्यता की जड़ों पर हुए विनाश और इसे पुनः प्राप्त करने की कठिन लड़ाई का एक मार्मिक प्रमाण है। अयोध्या की प्राचीन उत्पत्ति के बारे में बात करें तो अयोध्या को पहले साकेत के नाम से जाना जाता था। इसकी एक समृद्ध विरासत है जो ईसा पूर्व पांचवीं या छठी शताब्दी की है। सरयू नदी के तट पर स्थित, अयोध्या ने तीर्थयात्रियों, इतिहासकारों और पर्यटकों को सदैव अपनी ओर आकर्षित किया है जो यहां की पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक जड़ों से जुड़कर उन्हें रोमांचित करती है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, अयोध्या प्राचीन कोसल साम्राज्य की राजधानी और भगवान राम का जन्मस्थान था। राजा दशरथ द्वारा शासित इस शहर को एक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण राज्य के रूप में वर्णित किया गया था। इक्ष्वाकु, पृथु, मांधाता, हरिश्चंद्र, सगर, भगीरथ, रघु, दिलीप, दशरथ और राम उन प्रसिद्ध शासकों में से थे जिन्होंने कौशल (कोसल) देश की राजधानी पर शासन किया था। अयोध्या की संस्कृति एवं विरासत अतीत में सूर्यवंशियों के साम्राज्य से उत्पन्न हुई है। सूर्यवंशी क्षत्रियों के वंश में राजा रघु एक तेजस्वी चरित्र थे जिनके नाम पर सूर्यवंश रघुवंश के नाम से लोकप्रिय हुआ। राजा रघु की तीसरी पीढ़ी में श्री राम का जन्म हुआ, जिनकी छवि आज भी सभी हिंदुओं के हृदय में भगवान के रूप में विद्यमान है। रामायण का काल संभवतः प्राचीन भारत के इतिहास का सबसे गौरवशाली काल था। दरअसल, इसी युग में न केवल सबसे पवित्र धर्म ग्रंथों, वेदों और अन्य पवित्र साहित्य की रचना हुई, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और सभ्यता की नींव रखी, बल्कि यह युग कानून और सच्चाई के शासन में भी अनुकरणीय था।

राज्य और समाज की प्रतिष्ठा से जुड़े मामलों में राजा अपनी प्रजा के प्रति जवाबदेह था। तथ्यों की सत्यता तीन सहस्त्राब्दियों से अधिक के बाद भी महाकाव्य में निहित है। भगवान राम रामायण के 'आदर्श पुरुष' थे। उनके चौदह वर्ष के वनवास ने मानव मन को उनके जीवन के अन्य अवधियों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया क्योंकि उन्होंने केवल अपने पिता के वचन का सम्मान बनाए रखने के लिए, अपनी उचित विरासत को त्यागकर जंगल में घूमना शुरू कर दिया था। इसके अलावा भारतीय इतिहास में भी अयोध्या का विशेष स्थान रहा है।

अतः धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से भी अयोध्या को प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है। अयोध्या के इसी ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने यहां आने वाले पर्यटकों और निवासियों की सहुलियत के लिए धर्मनगरी के कायाकल्प का जिम्मा संभाला है। अयोध्या का नाम सुनते ही मन रामायण के पन्नों में खो जाता है। यही वह पवित्र भूमि है जहां भगवान राम का जन्म हुआ, उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंग घटित हुए। सदियों से, अयोध्या तीर्थयात्रियों और विद्वानों की आस्था का केंद्र रहा है, जहां मंदिरों और आश्रमों से ज्ञान और आध्यात्मिकता का प्रकाश बिखरता है। मुगल काल का एक अध्याय अयोध्या के इतिहास में खून के धब्बे छोड़ गया। राम जन्मभूमि पर मस्जिद का निर्माण, विवादों का बीज बो गया। 1992 में हुए तनावपूर्ण घटनाक्रमों के बाद, यह विवाद सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक पहुंचा।

2019 में आया ऐतिहासिक फैसला, जिसने न्याय की तराजू को सीधा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने विवादित भूमि को राम जन्मभूमि न्यास को सौंपने का आदेश दिया, तभी मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। राम मंदिर, केवल हिंदुओं की आस्था का ही केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। भगवान राम, आदर्शों और नैतिकता के मूर्तिमंत स्वरूप हैं, जिनके गुण भारतीय संस्कृति की जीवनदायिनी नदियों की तरह पूरे देश में बहते हैं। लाखों श्रद्धालुओं के लिए राम मंदिर, जीवन, धर्म, कर्म और सत्य के सरोवर में डूबकर पवित्र होने का साधन है। यहां आकर वे राम के आदर्शों को जीते हैं, उनके गुणों को आत्मसात करते हैं और जीवन की वास्तविकताओं का सामना करने का बल पाते हैं। भव्य राम मंदिर का निर्माण, इतिहास का पुनर्लेखन है। यह केवल मंदिर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनरुत्थान और राष्ट्रीय एकता का स्वर्णिम अध्याय है। मंदिर निर्माण से रोजगार के अवसर तो मिलेंगे ही, साथ ही अयोध्या एक वैश्विक तीर्थस्थल के रूप में भी स्थापित होगा। यह मंदिर, सामाजिक सद्भावना और धार्मिक सहिष्णुता का प्रेरक मंत्र भी है।

यह दिखाएगा कि शांतिपूर्ण तरीके से विवादों को सुलझाया जा सकता है, और विभिन्न समुदाय मिलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। यहां सभी धर्मों के लोग शांति से आ सकते हैं, प्रार्थना कर सकते हैं और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। राम मंदिर के भविष्य में उज्वल प्रकाश नजर आता है। आध्यात्मिकता, संस्कृति और पर्यटन का केंद्र बनता अयोध्या, आधुनिक तीर्थस्थल के रूप में विकसित होगा। यह मंदिर न केवल भारत के अतीत का गौरवशाली इतिहास समेटेगा, बल्कि एक उज्वल भविष्य का निर्माण भी करेगा। यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ पारंपरिक संस्कृति का संगम होगा।

## कविता

### बजा राम का डंका

घर-घर आज पधारे भारत में बजा राम का डंका
फिर श्री राम राज्य आएगा नहीं कोई अब शंका

फूल बरसा रहे देवता
जन-जन पहुंच रहा नेवता
सबको बुला रही अयोध्या
पा सीतावर जग खेवता

साधु संत राम-भजन में फेर रहे हैं मन की मनका
फिर श्री राम राज्य आएगा नहीं कोई अब शंका

गगन मगन धरती उमंग में
सहज सागर दिखे तरंग में
मनुज तैयार बैठा कि कब
चल पड़े पुरुषोत्तम संग में

दिख रही फिर आज जगत में जलने को आसुरी लंका
फिर से श्री राम राज्य आएगा नहीं कोई अब शंका

डॉ एम डी सिंह

## अस्मिता, और गौरव की पुनर्स्थापना का दिन

आशीष वशिष्ठ

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका 550 सालों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरजिंत इतिहास शामिल है। अनगिनत आन्दोलनों के बाद अब अंततः 22 जनवरी 2024 के दिन हिन्दू समाज को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मन्दिर में पुर्नस्थापित करने का गौरव प्राप्त हो रहा है। यह दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिवस है। राम राष्ट्र की संस्कृति है, राम राष्ट्र के प्राण है, राम के मंदिर का मतलब भारत का नवनिर्माण है। सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि, इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निषान तक दिखाई न दे। सोमनाथ पर मंस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, ह्यह्य राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवष्यक है।

गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी।

सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे। यह भी कम दुखद नहीं है कि उस निर्णय के बाद भी मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाने वाले विघ्नसंतोषी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। यहां तक कि प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन की पूरी तैयारियां हो जाने के बाद भी उसे विफल करवाने में एक वर्ग जी-जान से जुटा है। कुछ धमार्चार्य भी इस मुहिम में शामिल हो गए हैं।

## विचार

### राम आए हैं तो रामराज का आना भी तो जरूरी है....

सुशील कुमार

राम राज बैंठें त्रैलोका।
हरषित भए गए सब सोका।।
बयरु न कर काहू सन कोई।
राम प्रताप बिषमता खोई।।

**आप** भी हैरान हो गए होंगे। अपनी हर लेखनी रूपी अक्षय तूणीर से व्यंग्य के तीक्ष्ण तीर छूटने की जगह आज हृदय परिवर्तन कर भक्तिमय वातावरण कैसे बना दिए। आपका सोचना वाजिब है और हमारे चित्त का सुकोमल होना भी वाजिब है। हो भी क्यों न हो,जब सारा देश राम के जयकारे लगाने में लगा हुआ है तो हम पीछे क्यों रहें? हमारी आस्था पर सवाल न उठ जाएंगे। प्रधान सेवक ने 22 जनवरी को सम्पूर्ण राष्ट्र को राममय बनाने का आान किया है। दिवाली की तरह इस दिन को प्रकाशमय बनाने की कही है। उनकी बात को टालना सहज थोड़े ही है। विरोधी भी इससे अपने आपको दूर नहीं रख सकेंगे। अब इस दिन हमें क्या करना है? क्या-क्या खरीदारी करनी है इस पर शनिवार को विचार मंथन चल ही रहा था, इसी दौरान ज्ञान प्रसाद जी पधार गए। ज्ञान के अपूर्व भंडार ज्ञान प्रसाद जी हमारे मित्रवत तो है ही, इसके साथ गाहे बगाहे हंसी ठिठोली भी इनके साथ कर ही लेते हैं। बंदे में भले ही सौ बुराइयां हो पर हमारी बात का कभी भी बुरा कभी नहीं मानते। औपचारिक आवभगत के बाद आने का प्रयोजन पूछा तो फूट पड़े।

बोले - मास्टरजी! एक बात बताओ। यो 22 तारीख आला, कै रोला(मामला) है? सारा देश बावला होया हांडे है। घरवाली मंदिर सजान लाग रही सै। छोरे नै राम दरबार लया कर धर राख्या सै। घी के दीए तैयार सै। 20 किलो लाडवा(लड्डू) का ऑर्डर देन मैं जाण लाग रह्या सूं। मामला मेरी समझ तै दूर सै। राम मंदिर तो भारत में बनदे रहवै सै। कोई नई बात तो है नहीं। अयोध्या में और बण ज्यागा। आप सयाने माणस सो। बेड़ा पार करो। ज्ञानप्रसाद जी की बात को सुनकर हंसी आ गई तो वो फिर बिदक पड़े। बोले- अजीब आदमी हो। कोई समझदार मान तुमसे बात करने आया है,और तुम उसकी खिल्ली उड़ा रहे हो। नहीं बताना हो तो मत बताओ, हम भी वहीं कर लेंगे जो दुनिया कर रही है। चास (जला)ल्यांगे पांच दीए और बांट द्यांगे लाडू। रूठकर उठने लगे तो बमुश्किल उन्हें रोका। मैं बोला- दादा! आप तो नाराज हो गए। आपकी बात सुन आदतन हंसी आ गई। आप बड़े भोले हो दादा। बात मंदिर बनने की नहीं है। बात हमारी आस्था की है। हमारी भावना की है। एकजुटता की है। राम को हम नहीं मानेंगे तो क्या पाकिस्तान,अफगानिस्तान वाले मानेंगे। वो बोले - बात तो ठीक है। पर लोग कह रहे हैं कि ये मंदिर के नाम पर राजनीति हो रही है। जो पक्ष में हैं वो इसे उत्सव के रूप में मना रहे हैं। जो विपक्ष में है वो इसे राजनीतिक कार्यक्रम बता रहे है। मैंने कहा - अच्छा,एक बात बताओ। भेड़ चाल के बारे में तो सुना होगा। बोले- सुना क्या, वो तो देखी भी है। झुंड में से जो भेड़ आगे चल पड़ती है,सब भेड़ें उसके पीछे चल पड़ती हैं। आगे वाली भेड़ कुएं में गिर जाएं तो सारी पीछे कुएं में ही गिर जाती है। पर इस बात से 22 तारीख का क्या मामला। मैंने बोला - आप इस बात का नकारात्मक रूप देख रहे हो। इसका सकारात्मक रूप भी तो अनुभव करो। जरूरी नहीं कि हर अनुकरण आपको गलत दिशा में ले जाए। अनुकरण सही दिशा में हो तो लक्ष्य भी प्राप्त होता है। देवत्व को मानना न मानना इच्छा शक्ति पर निर्भर है। जो राम को मानते हैं वो इसे उत्सव के रूप में मनाएंगे, जो नहीं मानते वो न माने। इस रामोत्सव से दूर रहें तो रहें। ज्ञानप्रसाद जी फिर बोल पड़े। बोले - अच्छा मास्टरजी एक बात और बताओ। राम तो 22 जनवरी को आ जाएंगे। राम के साथ क्या रामराज भी आ जाएगा? इस प्रश्न का जवाब मेरे पास भी नहीं था। फिर भी मैंने इतना ही कहा कि पहले राम को तो आने दो। रामराज भी आ जाएगा। अच्छा जी, मास्टरजी राम राम। यह कहकर ज्ञानप्रसाद मेरे मन मस्तिष्क में रामराज नामक यक्ष प्रश्न छोड़कर निकल गए। बात तो ज्ञानप्रसाद जी की सौ फीसदी सही है। भोलेपन के साथ कही गई इस बात में जो गांभीर्यता है,वो आप सब लोग जानते हो। राम का आना देश के जन जन के लिए तभी सार्थक होगा, जब राम के साथ रामराज का दौर फिर से आ जाए। अब तो मन को इसी बात पर दिलासा दी जा सकती है कि राम आए हैं तो रामराज भी जरूर आएगा। जय श्री राम।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### त्रिलोक में रामा की गूंज

प्रेम शर्मा

**सन 1528** में जो हुआ वह एक वर्ग विशेष के लिए बहुत ही कष्टप्रद था। शक्ति का दुरूप्रयोग कर जिस तरह से राम मंदिर को मुगल शासक बाबर ध्वस्त कर उस स्थान पर बाबरी मस्जिद का निर्माण कराया वह हिन्दु समुदाय के सीने पर मर्दन से कम नही था। आज 496 वर्षो के बाद लम्बे संघर्ष के बाद एक बार फिर अयोध्या में नए आध्याय की शुरूआत हो चुकी है। प्राणप्रतिष्ठा भले ही अयोध्या में हो रही हो लेकिन देश दुनिया में हिन्दु समुदाय को इस प्रतिष्ठा का आभास अपने आसपास होता महूसस हो रहा है।अविजित अयोध्या धाम आाद के अनहद से अभिभूत है। अखंड भारत की समूची भावभूमि रामामय है। समग्र आर्यावर्त रामतरंगिणी में निमग्न है। लगभग पांच शताब्दियों की तप-तपस्या, साध-साधना पूरी हो चली है। अनगिन हुतात्माओं का बलिदान सार्थक हो हुआ। राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ की अंतिम समिधा निर्णायक मंत्रोच्चार रामभक्तों को भाव विभोर कर रहा है। रामकथा में उस प्रसंग का स्मरण करें, जब प्रभु श्रीराम 14 वर्षों का वनवास व्यतीत कर ससीता अपनी जन्मभूमि में लौटे थे। राम वनवास के चौदह वर्ष पर यह 496 वर्ष का लम्बा अन्तराल हमारे लिए अभिशाप से कम नही रहा है। आज जब रामलला को उनके अपने स्थान पर सुशोभित कर दिया गया यह एक सर्वसमाज के लिए बड़े सम्मान और उसकी आस्था, इंतजार का वह मीठा फल है जिसके लिए इस पीढ़ी से पूर्व कई पीढ़िया देखे और पाए बिना दुनिया से बिदा हो चुकी है। आज का दिन वास्तव में हिन्दु समाज के लिए गौरव पूर्ण ही नही बल्कि एक त्यौहार के स्वरूप है। जिस तरह से भगवान राम के वनवास से वापस होने पर अयोध्या में दीप पर्व मनाया गया था आज की दिन फिर हमें दीपपर्व मनाने का अवसर दे रहा है।

रामा वाकई त्रिलोकी है ऐसे में आज के दिन रामा की गूंज त्रिलोक में सुनाई पड़ रही है। वैसे भी राममंदिर में मूर्ति की स्थापना की गूंज वैश्विक स्तर पर दिखाई और सुनाई पड़ रही है। यही नही जो लोग प्राणप्रतिष्ठा स्थल पर मौजूद है वही भाग्यशाली है वरन हम सभी भाग्यशाली है जिन्हे इस अवसर को सुनने और दूर से देखने यहॉ तक की आभास करने का अवसर मिला है वह सभी सौभाग्यशाली है।

### धरातल पर साकार करने के लिए प्रयास करते "मोदी-योगी"

दीपक कुमार त्यागी

**मर्यादा** पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के स्वागत के लिए पावन अयोध्या धाम में दिव्य व भव्य दीपावली मनाने की जबरदस्त तैयारी चल रही है। आम जनमानस को उम्मीद है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के साथ ही देश में रामराज्य की अवधारणा का सपना धरातल पर साकार होना शुरू हो जायेगा, भविष्य में राम मंदिर रामराज्य का सशक्त आधार बनेगा। इस कड़ी में ही पूरा देश मोदी-योगी के प्रयासों से राममय होता जा रहा है, मोदी-योगी की जोड़ी अयोध्या में विश्वस्तरीय विकास की नित-नई इबारत लिख रहे हैं, जिससे पिछले कुछ वर्षों से अयोध्या धाम देश व दुनिया में चचाओं में छाया हुआ है। हालांकि जब से उत्तर प्रदेश की धार्मिक व ऐतिहासिक पावन नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम के अद्भुत दिव्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, तब से ही देश व दुनिया में बहुत बड़े पैमाने पर रामराज्य के बारे में विस्तार से चर्चा होने लगी है। देश व दुनिया के लोग आज भी रामराज्य के साथ प्रभु श्री राम के जीवन के हर पहलू को जानने के लिए बेहद उत्सुक हैं, वह प्रभु श्री राम के राज्य की अच्छाईयां को देख देश में रामराज्य की पूरी कल्पना को धरातल पर बहुत ही तेजी से साकार होते देखना चाहते हैं। वैसे भी देखा जाए तो हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए रामराज्य की अवधारणा केवल शासक के कर्तव्यों का एक उत्कृष्ट मानदंड वाला विचार मात्र नहीं है, बल्कि यह देश व दुनिया में शासन करने की एक ऐसी श्रेष्ठ व्यवस्था है, जिसमें सभी लोगों का जीवन सिद्धांतों से परिपूर्ण धर्म व न्याय संगत होते हुए, सत्य, अहिंसा, श्रेष्ठ विचार, त्याग की भावना, दया, दान, वचन और न्याय आदि पर आधारित होता है। रामराज्य में शासक व प्रजा दोनों ही पक्ष देश व समाज के प्रति अपने-अपने कर्तव्यों का हर हाल में बखूबी से निर्वहन करते हुए जिम्मेदारियों का अक्षरशः पालन करते हैं, तब ही देश में रामराज्य का सपना धरातल पर साकार होता हुआ नजर आ पायेगा। हालांकि देश में अभी यह बहुत दूर की कौड़ी है लेकिन फिर भी आम जनमानस के बड़े वर्ग का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामराज्य की अवधारणा की मजबूत नींव रखने की शुरूआत 22 जनवरी 2024 को अयोध्या से कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### युवाओं को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम में मिली अहम जिम्मेदारी: आंतिल

**राई। प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट जसपाल आंतिल ने कहा कि कांग्रेस ने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किए हैं। इसमें युवाओं को अहम जिम्मेदारी दी गई है। इससे पार्टी संगठन मजबूत होगा। वे शनिवार को खेवड़ा में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। आंतिल ने कहा कि इनमें सोनीपत लोकसभा के राई विधानसभा से सोनू भारद्वाज, गन्नौर विधानसभा से विकास बजाड़, सोनीपत विधानसभा से कुश मलिक, खरखौदा विधानसभा से विकास दहिया, बरोदा विधानसभा से मोहित श्योराण, गोहाना विधानसभा से जितेन्द्र नैन, जुलाना विधानसभा से अमित, सफीदों विधानसभा से अजीत देशवाल, जींद विधानसभा से तकदीर भनवाला को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया।

### वैश्य अग्रवाल समाज की दावेदारी एक लोकसभा और 16 विस सीटों पर: बुवानीवाला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। अग्रवाल** वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा है कि दस मार्च को अंबाला में स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से हरियाणा में राजनीतिक जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति राजनीति में निहित है, इसलिए हरियाणा में लोकसभा की दस सीटों में से एक सीट वैश्य समाज को दी जाए। वह चौपाल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए करनाल आए थे। उन्होंने कहा कि युवा पैकेज की जगह समाज के हित को प्राथमिकता दे। प्रदेश में वैश्य समाज का प्रतिशत सात है। इस तरह से इस समाज को कम से कम 16 सीटें मिलनी चाहिएं। आजाद भारत में कई प्रदेशों में वैश्य समाज के नेता मुख्यमंत्री बने। केंद्र में मंत्री राज्यपाल रहे। किसी समय हरियाणा में 18 वैश्य समाज के विधायक थे। इस अवसर पर योगेश सिंगला को करनाल लोकसभा के युवा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष लाला अमरनाथ गुप्ता, सत्यप्रकाश गर्ग, करनाल जिला अध्यक्ष राजेश सिंगला, पानीपत जिला अध्यक्ष तरसेम बंसल, देवेन्द्र गुप्ता, संदीप जिंदल, राहुल गर्ग, मुकेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, डॉ. मुनीष, राजन अग्रवाल, अमन गुप्ता, नरेश अग्रवाल के अलावा काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### श्रीराम शोभायात्रा में उमड़ा जन सैलाब, पानीपत हुआ राममय

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**अयोध्या** में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आज पानीपत में भव्य श्री राम शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा जीटी रोड स्थित स्काईलार्क से शुरू होकर डेरा बाबा जो सचियार गुरुद्वारा पर सम्पन्न हुई। श्रीराम शोभायात्रा ने आज तक की जितनी भी शोभायात्राएं निकली हैं उन सबका रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारी संख्या में जन सैलाब चारों ओर से उमड़ पड़ा। जय श्री राम के नारों ने पानीपत को राममय बना दिया। वहीं शहर व खासकर शोभायात्रा के मार्ग को बिजली की लडि़ों एवं झंडों से सजाया गया था। शोभा यात्रा की अगुवाई सांसद संजय भाटिया, विधायक महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, निवर्तमान मेयर अवनीत कौर, भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जननायक जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुमारी फूलवती ,राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कादियान, पूर्व मेयर भूपेंद्र सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र सलूजा, जिला महामंत्री रविंद्र भाटिया, कृष्ण छौक्कर, निवर्तमान पार्षद लोकेश नांगरू, इंडियन नेशनल लोकदल के युवा के प्रदेश महासचिव नवीन नैन भालसी, इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रणवीर देशवाल, अंशदान फाउंडेशन के अध्यक्ष विभु पालीवाल, श्री सनातन धर्म संगठन के अध्यक्ष कृष्ण रेवड़ी, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, सुभाष गुलाटी, दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा, इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर 29 के प्रधान श्री भगवान अग्रवाल, गुरुद्वारा श्री रामदास सिंह सभा के प्रधान एच.एस.धम्मू, ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन के प्रधान सुनील तुली, कंवर रविंद्र सैनी, राधे राधे जी महाराज, पंडित निरंजन पराशर, कांग्रेस नेता बुल्ले शाह, विपुल शाह, संजय अग्रवाल ,गौशाला समिति के प्रधान रामनिवास गुप्ता, विश्वकर्मा सेवक संघ के प्रधान धर्म सिंह धीमान, विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रधान रघुवीर धीमान, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान इशम कुमार पांचाल, स. परमिंदर चावला, दीपक सलूजा, दु:ख भंजन दरबार के संचालक आनंद प्रकाश जी महाराज, दिनेश धीमान,योग शिक्षक रामपाल शर्मा, संजीव शास्त्री, हरिओम भारद्वाज, बिजेंद्र पांचाल, रविंद्र पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।







# भव्य शोभायात्रा के साथ राममय हुआ गन्नौर शहर, जगह-जगह हुआ स्वागत

**उमंग**

**▶▶ रेलवे रोड, देवीलाल चौक, जनता स्कूल रोड से होते हुए राम मंदिर गन्नौर में आ कर संपन्न हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अयोध्या में** रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा शिव मंदिर सनातन धर्म सभा के तत्वाधान में आयोजित होने वाली शोभायात्रा में 12 सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं भी शामिल रही। शोभा यात्रा शहर के प्राचीन शिव मंदिर से शुरू हुई। इससे पहले सांसद रमेश कौशिक, विधायक निर्मल चौधरी, सेवानिवृत सेशन जज जेएस जांगड़ा व नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने नारियल तोड़ कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा नगरपालिका रोड, रेलवे रोड, देवीलाल चौक, जनता स्कूल रोड से होते हुए राम मंदिर गन्नौर में आ कर संपन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान श्रीराम के जीवन से संबंधित 17 झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शोभायात्रा में बाहूबली हनुमानों की उपस्थिती श्रद्धालुओं को खूब भाई। यात्रा के दौरान हर किसी के हाथ में भगवा झंडा फहरा रहा था। यात्रा में नासिक ढोल, पंजाबी ढोल, बीन-ढपली, बैंड, शहनाई व डीजे के बीच श्रद्धालु जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया। वहीं पुरानी अनाज मंडी के निकट पहुंचने पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 51-51 ज्योत वाले पांच विशाल दीपकों मंगल आरती की गई। इसके साथ ही यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को लड्डू, केले, बिस्किट, संतरा व विभिन्न पेय पदार्थ वितरित किए। समापन पर राम मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 8 हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा की व्यवस्था में नरेंद्र पतंजली, मोहित सैनी, विकास भगवति, राजकुमार अग्रवाल, अशोक कोहली, संजीव डावरा, रामकुंवार धनखड़, भूषण हसीजा, संदीप सिंघल, निशांत छौक्कर, कश्मीरी लाल, डा. राजेश शर्मा,



## प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह देशभर में देखने का मिल रहा



**टीम एक्शन इंडिया/राई। भाजपा नेता** माई राम कौशिक ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह देशभर में देखने का मिल रहा है। जगह-जगह पर रामधुन गाते हुए राम भक्त शोभा यात्रा निकाल रहे है। उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद रामलला भव्य मंदिर में प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह वाकई ऐतिहासिक क्षण होगा राम मंदिर केवल राम मंदिर नहीं है बल्कि 500 साल की लड़ाई की जीत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के निर्माण को लेकर न केवल अयोध्या बल्कि देश और दुनिया में हर तरफ खुशी का माहौल है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोनीपत में निकाली गई शोभायात्रा में भाजपा नेता माईराम कौशिक ने जमकर जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान श्री राम दरबार की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। श्री राम के गीतों पर लोग जमकर झुमें। महिलाओं और बच्चों ने जमकर फूल बरसाए और जय श्रीराम का उद्घोष भी हुआ। शोभायात्रा जिन जिन मार्गों से गुजरी, वहां का वातावरण श्री राम के नारों से गुंजायमान हो उठा। अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया।

### छोटू राम धर्मशाला में लगाया रक्तदान

**जनहित** अभियान फाउंडेशन के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर छोटू राम धर्मशाला में लगाया रक्तदान शिविर और भंडारा इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेवी डा अनीता सिंह व समाज सेवी ललित पवार ने किया शिविर का उदघाटन फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज के रक्तदान शिविर में 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया इस अवसर समाज सेवी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह,इनर व्हील क्लब की प्रधान नीतू दहिया,राजेश दहिया,पहलवान हवा सिंह अंतिल,नेहा गोयल,सतीश छिकारा,पूर्ण सिंह,नवीन मास्टर,रत्न ठेकेदार,हरिओम जांगड़ा, सतीश बाल्यान,मास्टर राजसिंह,जयवीर गहलावत,अपना जंक्शन से अरुण मलिक,रविंद्र हुडा अक्षत शर्मा,अर्पित सिंह,राहुल सिंह,दिग्विजय दहिया, आनद वर्मा,,विकास दहिया उपस्थित रहे ।

## अच्छी पहल करते हुए मां की पुण्यतिथि पर गरीब व जरूरत को कम्बल व शॉल वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गांव उदेशीपुर** में समाजसेवी कप्तान नांदल ने अपनी माता स्वर्गीय कमला देवी पत्नी स्वर्गीय रघबीर सिंह की चौथी पुण्य तिथि पर गरीब को 82 कम्बल व 100 शाल महिलाओं को वितरित कर पुण्य कमाया। कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी ने प्रसाद वितरण के बाद वितरण समारोह की शुरूआत की। सांसद रमेश कौशिक ने ठंड के इस मौसम में कप्तान के द्वारा अपनी मां की पुण्यतिथि के अवसर पर निःसहाय लोगों को कंबल व महिलाओं को शाल वितरण किया जा रहा है। निश्चित रूप से यह मानव सेवा है। इसी प्रकार का सेवा भाव सभी समर्थ लोगों में होना चाहिए। मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि नांदल ने अच्छी पहल है। अपने बड़ों की पुण्यतिथि को समाजसेवा के रूप में जररूतमंदों में कंबल व शाल वितरित किए है। कप्तान नांदल ने कहा कि कई दिनों से पूरे पंचायत क्षेत्र में घूम घूमकर गरीब, बेसहारा व दिव्यांग लोगों की सूची तैयार की गई ताकि असली जरूरतमंद की सेवा हो सके। उन्होंने बताया कि गरीबों की सेवा करने से मुझे एक अलग प्रकार की ऊर्जा मिलती है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रामकुमार धनखड़,ब्लाक समिति चेयरमैन सुमित,रजत नांदल, प्रधान आजाद सिंह नांदल, पूर्व प्रधान रामसिंह, पूर्व सरपंच जिले सिंह, पूर्व सरपंच भीम सिंह, मेहर पंडित आदि मौजूद थे।



### कार सेवकों को सम्मानित किया गया

**समालखा (कुलदीप सिंह)** स्थानीय रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन समालखा में विश्व हिंदू परिषद की तरफ से समालखा के उन कार सेवकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 1990 और 1992 में मंदिर निर्माण के लिए अयोध्या में पहुंचकर सहयोग किया था तथा जेल में भी बंद रहे थे कार सेवकों ने सम्मानित होने के बाद अपने ऊपर क्या-क्या बीती वह भी बताया और बाबरी ढांचा जब गिरा उसमें क्या-क्या सामान मिला वह भी बताया विश्व हिंदू परिषद की तरफ से रामकुमार, वेद गुप्ता, मनोहर लाल, रामनिवास, डॉक्टर संजीव मल्होत्रा, अविनाश चंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया साथ-साथ जो कार सेवक इस समय जीवित नहीं है उनके परिवारों को भी सम्मानित किया गया, उसमें स्वर्गीय सुरेश मित्तल की धर्मपत्नी को सम्मानित किया गया, स्वर्गीय हरबंस लाल बजाज के बेटे विनीत बजाज को सम्मानित किया गया, स्वर्गीय हंसराज मल्होत्रा के बेटे रवि मल्होत्रा को सम्मानित किया गया, स्वर्गीय राकेश मल्होत्रा के भाई हरीश मल्होत्रा को सम्मानित किया गया तथा स्वर्गीय जय भगवान गर्ग के परिवार को भी आज इस मंदिर में सम्मानित किया गया समान समझ से पूर्व पंडित बसंत शास्त्री ने सुंदरकांड का पाठ किया हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया रामायण का पाठ किया गया विश्व हिंदू परिषद के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से सभी कार योद्धाओं को फूल माला, पटका, पगड़ी, मिठाई और राम मंदिर के स्वरूप के साथ सम्मानित किया।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राजलू गढ़ी गांव में निकाली कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अयोध्या** में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव राजलू गढ़ी में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के शिव मंदिर से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों से होते हुए वापिस मन्दिर में आकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान मंदिर के बाबा मौनी नाथ व जयभगवान राठी ने भगवान श्रीराम के नारों से वातावरण को श्रीराममय बनाया। पूरा वातावरण जय सियाराम के नारों से गूंज उठा। शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्रीराम मंदिर का प्रारूप, राम परिवार की झांकी आकर्षण का केंद्र थी। शोभा यात्रा में सैंकड़ो महिलाएं प्रभु श्रीराम का कीर्तन करते हुए चल रही थी। मौनी बाबा ने यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने सुंदरकांड पाठ व भंडारे में भाग लेने की अपील करते हुए 22 जनवरी को दिन दीपावली की तरह मनाने का आह्वान किया। यात्रा के दौरान पंडित धर्मेन्द्र शर्मा, जयभगवान राठी, त्रिलोकचंद शर्मा, कृष्ण राठी, बलराम राठी, काकू, बल्लु, राकेश, रामपाल शर्मा, राजबाला, बिल्लू शर्मा, मुकेश, पूनम, रितु, मंजू राठी, मनीषा राठी आदि मौजूद थे।



## अनिल भारद्वाज पूर्व सांसद तंवर के साथ भाजपा हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भाजपा के** दिल्ली मुख्यालय पर पूर्व सांसद अशोक तंवर के साथ सीएम मनोहरलाल की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी (आप) में व्यापार सैल के स्टेट वाइस प्रेसिडेंट अनिल भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। अनिल भारद्वाज सबसे पहले इनेलो पार्टी में काफी सक्रिय रहे। इनेलो से अलग होने पर जजपा पार्टी का गठन हुआ तो उन्हें स्टेट सचिव बनाया गया था। विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर भारद्वाज ने जजपा से त्यागपत्र देकर समालखा में भाजपा जॉइन की, थोड़े समय के बाद पूर्व एमपी अशोक तंवर के आप पार्टी में आने पर भारद्वाज भी आप पार्टी में आ गए। भारद्वाज को आप में स्टेट वाइस प्रेसिडेंट व्यापार सैल बनाया गया था। भारद्वाज ने कहा कि वे पार्टी में मेहनत, लग्न से कार्य करेंगे, उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसका वे ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## क्रांतिकारी रास बिहारी बोस की पुण्यतिथि मनाई

**श्रद्धा**

**▶▶ अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की**

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य** बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में स्वतंत्रता सेनानी आजाद हिन्द फौज के महान संगठन कर्ता महावीर क्रांतिकारी रास बिहारी बोस की पुण्यतिथि पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गई। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। इस अवसर पर श्री राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा एक रास्ट्रीय गौरव के पूनर जागरण का प्रतीक विषय पर भाषण व गीत प्रतियोगिता भी आयोजित की गई व प्रतिभाशाली छात्राओं को भी मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया । इस मोके पर स्वतंत्रता सेनानी रास बिहारी बोस, महर्षि बाल्मीकि और महा कवि तुलसी दास ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानन्द भारत रत्न संगीतकार पङ्क रवि शंकर आर्य धर्मसिंह गगसिना अमर शहीद रणबीर आर्य आचार्य बलदेव को भी सभी वक्ताओं ने बार बार याद किया।कार्यक्रम का शुभारंभ जय श्री राम के नारों से तथा समापन गायत्री मंत्र से हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण और श्री राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा रास्ट्रीय गौरव के पुनर जागरण का प्रतीक है और मयार्दा पुरोषेत्तम भगवान श्री राम सदभाव एकता प्रगति और विश्व शांति का मार्ग दिखाने वाले हैं । श्री राम लल्ला का श्री राम जन्म भूमि में प्रवेश और उनकी प्राण प्रतिष्ठा होना विश्व मानव के लिये गर्व और गौरव का विषय भी है । वही महाराजा दलीप की तरह गौ रक्षा और गाय पर आधारित कृषि करने के लिए भी किसानों को प्रेरित करते हैं वैदिक धर्म में प्रकृति पृथ्वी जल अग्नि आकाश वायु सूर्य चंद्रमा की उपासना की जाती है वैदिक धर्म में पाखंड और अज्ञानता के लिए कोई स्थान नहीं है वैदिक धर्म में प्राचीन काल से ही ज्ञान विज्ञान को अत्यधिक महत्व दिया जाता है।

### 51 कुंडीय हवन यज्ञ आयोजित

**समालखा 21 जनवरी ( कुलदीप सिंह )**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में शशिकांत कौशिक इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रविवार को समालखा अनाज मंडी में स्वामी दयानन्द सरस्वती महाराज के सानिध्य में 51 कुण्डीय हवन यज्ञ आयोजित करके शहर के वातावरण को राममय बनाया। इतना ही नहीं 108 किलो के लड्डू का श्रीराम जी को भोग लगाया। समालखा मंडी में सुबह 8 बजे से ही राम भक्त श्रीराम के जयकारे लगाते हुए कार्यक्रम में पहुंचे। श्रीराम लला की खुशी में जनसेवक शशिकांत कौशिक द्वारा हवन यज्ञ व कंबल वितरण सम्मान समारोह में करनाल के सांसद संजय भाटिया व सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक, जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व हरियाणा के पूर्व डीजीपी के के मिश्रा ने भी जनसमूह को सम्बोधित किया ओर शशिकांत कौशिक द्वारा गरीब व जरूरतमंदों की सहायतार्थ किए।

## मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म: देवेंद्र कादियान

### मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 लोगों ने कराया चेकअप

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। लल्हेड़ी** रोड पर स्थित अंबेडकर भवन के परिसर में रविवार को वार्ड 10 से पार्षद प्रतिनिधि टिंकू प्रधान के सहयोग से मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। जिसमें पार्क निदान अस्पताल से चिकित्सकों ने बीपी, शुगर, हड्डी जांच, आंखों की जांच, ऑक्सीजन लेवल इत्यादि बीमारियों से ग्रस्त करीब 150 रोगियों की जांच की। जरूरतमंद का फ्री दवाई देने के साथ ही सेहतमंद बने रहने के टिप्स दिए। इससे पहले शिविर का शुभारंभ देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया। उनका यहां पहुंचने पर आयोजकों ने फूल माला से स्वागत किया। मुख्यातिथि कादियान ने कहा कि मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। उन्होंने कहा कि गरीब व जरूरतमंदों को समय पर इलाज मिल सके, इसके लिए उनकी देवा सोसायटी की तरफ से क्षेत्र में 10 मुफ्त एंबुलेंस सेवाएं दी जा रही है। टोल फ्री नंबर पर कॉल करने के महज कुछ देर बाद ही मरीज के घर एंबुलेंस पहुंच जाती है। उनका ध्येय क्षेत्र की जनता की सेवा करना है। इस दौरान टिंकू प्रधान ने सीएम शहरी आवास योजना के तहत आवेदन किए थे, जिनकी स्लिप लोगों को वितरित की गई।




**सेवा**

**▶▶ टोल फ्री नंबर पर कॉल करने के महज कुछ देर बाद ही मरीज के घर एंबुलेंस पहुंच जाती है**

## लोगों के लिए बड़ी कारगर साबित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा : बडौली

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों का नागरिकों को उनके घर-द्वार पर मिल रहा सीधा लाभ



**उत्साह**

**▶▶ पंद्रह वार्ड तक के लोग आमंत्रित किए गए। कड़ाके की ठंड के बीच भी लोगों का खासा उत्साह देखने को मिला**

**टीम एक्शन इंडिया/राई। रविवार** को नगर पालिका कुंडली के दादा भैया मंदिर के नजदीक राजकीय प्राइमरी स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें वार्ड नंबर एक से पंद्रह वार्ड तक के लोग आमंत्रित किए गए। कड़ाके की ठंड के बीच भी लोगों का खासा उत्साह देखने को मिला। राई विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में कुंडली नगर पालिका चेयरमैन शिमला देवी सहित वाईस चेयरमैन अशोक भारद्वाज भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। आज देश व प्रदेश में विकास की नई तस्वीर उभर कर सामने आ रही है, जिसे पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत हर क्षेत्र में तरक्की की नई ऊंचाई छू रहा है। दुनिया के विकसित राष्ट्र भी भारत की उभरती ताकत के आगे नतमस्तक हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने किसान, महिला, युवा और खिलाड़ी के जीवन उत्थान को प्राथमिकता पर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब की भलाई के लिए वचनबद्ध है। समाज कल्याण विभाग ने नागरिकों को पेंशन योजनाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मुकेश बसौदी, विनोद बैरागी, अरुण चौहान, हर्ष भारद्वाज, नरेश खत्री, निरंजन, डॉ सुनील आंतिल, सुरजीत, नरेन्द्र भारती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## भगवान राम हमारे कुलदेवता: शम्मी बंसल

### हमारी गौरवशाली पंरपरा की पुनर्स्थापना हुई

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस। अयोध्या** में भगवान राम के मंदिर के प्रतिष्ठापन समारोह में जा रहे उद्योगपति शम्मी बंसल ने कहा है कि उनका यह सौभाग्य है कि उन्हें भगवान राम ने बुलाया है। उन्होंने कहा कि भगवानराम हमारे कुलदेवता हैं। महाराजा अग्रसैन जी महाराजा कुश के 35वीं पीढ़ी के प्रतिनिधि थे। उन्होंनें कहा कि उनका परिवार शुरू से ही राम भक्त रहा है। उन्होंने क्षमा मंदिर में भी भगवान राम का दरबार लगाया है।

महाराजा अग्रसैन भवन चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान शम्मी बंसल ने कहा कि लिबर्टी परिवार भी बहुत आभारी है कि उन्हें अयोध्या से आमंत्रण मिला है। आज रवाना होने से पहले खास बातचीत में उन्होंने कहा कि भगवान राम उनके अराध्य हैं। उन्होंने भगवान राम के मंदिर के शिलान्यास में भी योगदान दिया था। आज वह साक्षात इस कार्यक्रम के गवाह बनेंगे। उन्होंने बताया कि भगवान राम इस देश की आत्मा है। पांच सौ साल के संघर्ष के बाद देश को यह अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि भगवान राम का मंदिर बनने से राममय माहौल बना हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इतिहास पुरुष बताते हुए कहा कि यह काम केवन मोदी जैसे नेता ही कर सकते थे। इससे हमारी गौरवशाली पंरपरा की पुनर्स्थापना हुई है।

लिबर्टी शूज के एमडी शम्मी बंसल ने बताया कि उनका पूरा संस्थान सभी जगहों पर राम का उत्सव मना रहा है। भगवान राम की स्थापना लंबी निराशा के बाद अयोध्या में हो रही है। वैश्य भवन परिसर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह मौका आत्म गौरव महसूस करने का है। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर दीपावली मनाएं।

**न्यूज फ्लैश**

## विधायक नीरज शर्मा को कफन में देखकर नहीं बजाना चाहिए था टीम पंडित जी को ढोल नगाड़े - धर्मवीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरा फरीदाबाद इंतजार कर रहा है और रविवार पूरा शहर राम मय दिखा लेकिन एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में जो कुछ हुआ वह नहीं होना चाहिए था । विधायक नीरज शर्मा को कफन में देखकर उनके कार्यकर्ताओं को डीजे और नगाड़ा नहीं बजाना चाहिए था । विधायक नीरज शर्मा अभी जवान है और भगवान उन्हें लंबी आयु प्रदान करें लेकिन उनके कार्यकर्ताओं ने शायद या सब रस नहीं आ रहा है और तभी उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उसे समय नगाड़े बजाए जब वह कफन पहनकर फरीदाबाद पहुंचे । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही निंदनीय है । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि हिंदू समाज में इतिहास में ऐसा पहली बार देखा गया की एक जवान इंसान को कफन में देखकर लोग इतने खुश हुए । उन्होंने कहा कि ऐसा तभी होता है जब कोई इंसान बहुत खराब होता है । उन्होंने टीम पंडित जी पर सवाल उठाते हुए कहा कि टीम पंडित जी के कुछ सदस्य शायद विधायक नीरज शर्मा को खराब इंसान समझते है इसलिए ऐसी शर्मनाक हरकत को अंजाम दिया । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से आम आदमी पार्टी पूरी तरह से खुश है । पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी कल जगह-जगह भंडारे का आयोजन कर रहे हैं ।

पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी जल्द राम लला के दर्शन करने अयोध्या भी जाएंगे और सपरिवार जाएंगे । इस मौके पर जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा खास रूप से मौजूद थे ।

## फरीदाबाद पुलिस ने साइबर ठगी के नौ मामलों में 16 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

फरीदाबाद पुलिस साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्य कर रही है। एक सप्ताह के दौरान साइबर पुलिस ने नौ मामले सुलझाते हुए 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक लाख 23 हजार 700 रूपए बरामद किए गए। वहीं 3 केस साइबर सेन्ट्रल 3 साइबर बल्लबगढ़ तथा 3 मामले साइबर एनआईटी के सुलझाए गए है।

12 जनवरी से 18 जनवरी तक इस सप्ताह में साइबर पुलिस ने 173 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 27,700 रूपए रिफंड करवाए हैं। वहीं 9,70,963 रुपए बैंकों में सीज कराये गये। पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों के द्वारा बिछाए गए जाल के संबंध में जागरुक किया है। साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को कुछ मिनटों में लोन दिलाने के नाम पर, नौकरी दिलाने के नाम पर ट्रेडिंग कर मुनाफे के नाम पर इत्यादि तरीकेके से साइबर फ्रॉड किए जा रहे है। इस प्रकार के अपराधों में साइबर अपराधी ने आपको फंसाने के लिए फेसबुक, ट्विटर से लेकर गूगल सर्च इंजन साईटों पर जाल बिछा रखा है। कस्टमर केयर नम्बर से मिलता-जुलता फेक कस्टमर केयर नम्बर अपडेट कर रखे हैं। जब कोई उस नम्बर पर सम्पर्क करता है तो कस्टमर केयर नम्बर ऐक्टिव नहीं होता। दूसरे नम्बर से कॉल आती है और कस्टमर केयर अधिकारी बनकर बात करते हैं, वहीं लोन दिलाने के नाम पर ठगी के मामले निरंतर बढ़ रहे है।

## सांसद सुनीता दुग्गल ने अपने निवास पर सुनी जनसमस्याएं

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**

सांसद सुनीता दुग्गल ने रविवार को अपने सिरसा निवास पर जन समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को तत्परता से निवारण के दिशा निर्देश दिए।

सांसद ने कहा कि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम किया है और पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरों की तर्ज पर गांवों में भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हरियाणा पहला ऐसा प्रांत है परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों को घर बैठे सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाएं, जिसमें बीपीएल परिवारों को राशन कार्ड, बुढ़ापा व विधवा पेंशन आदि योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख का ध्यान रखना सरकार का दायित्व है। गरीब का अधिकार गरीब को ही मिले,

# हरियाणा के राज्यपाल बंडारू ने आयुष विश्वविद्यालय के वॉल कैलेंडर को सराहा

**भेंट**

**भार्गव ने राज्यपाल व आयुष वीवी के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रे को वार्षिक कैलेंडर और डायरी भेंट की ।**



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव डॉ नरेश भार्गव ने शनिवार को चंडीगढ़ स्थित राजभवन में हरियाणा प्रदेश के राज्यपाल व आयुष वीवी के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रे को वार्षिक कैलेंडर और डायरी भेंट की । इस अवसर पर उन्होंने कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव को नव वर्ष 2024 की बधाई दी। राज्यपाल ने भारतीय ऋतु अनुसार व्यक्ति का आहार विहार कैसा होना चाहिए इत्यादि बाते वॉल कैलेंडर में शामिल करने पर आयुष विश्वविद्यालय की सराहना की, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पांच हजार साल पुरानी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति हैं, जो हजारों वर्षो से हमें स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है । आयुर्वेद को रोगों के उपचार और स्वस्थ जीवन शैली व्यतीत करने के सर्वोत्म तरीको में से एक माना जाता है। स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के कारण ही आधुनिक विश्व ने भी आयुर्वेद सिद्धांतों और अवधारणाओं पर विश्वास करता है, निश्चित तौर पर निकट भविष्य में भारतीय परंपरित चिकत्सा को दुनिया भर में ऊंचा स्थान मिलेगा।

## आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया सुंदरकांड का पाठ

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी जिला यमुनानगर के कार्यकर्ताओं ने रविवार दोपहर को जिला कार्यालय पर भव्य सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया। इस सुंदरकांड पाठ में जिला यमुनानगर के चारों विधानसभाओं के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के नवनिर्मित भव्य सुन्दर मंदिर बनने की खुशी में और मंदिर में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में आआपा हरियाणा के सभी जिला मुख्यालय पर आज सुंदरकांड का पाठ करवाया गया। जिला अध्यक्ष जिला गगनदीप ने बताया कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने और प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में जिस प्रकार पूरी दिल्ली के अंदर सुंदरकांड का पाठ करवाया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में 22 जनवरी के बाद दिल्ली वासियों को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दर्शन करने के लिए फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी। उसी प्रकार से हरियाणा में आआपा की सरकार बनने पर प्रदेश वासियों को भी अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर के मुफ्त दर्शन के साथ-साथ अन्य सभी तीर्थ स्थलों की मुक्त यात्रा करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में आज हरियाणा के सभी मुख्यालयों पर सुंदरकांड का पाठ करवाया गया।

सभी साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने जीवन को सफल बनाया।

## सिरसाः नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग का हुआ स्वागत

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग का कालांवाली व चौपटा मंडल में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने वहां मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की और पार्टी की नीतियों के बारे में चर्चा की।

निताशा सिहाग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सभी को समान आदर दिया जाता है और यह एकमात्र पार्टी है जहां सभी को परिवार के सदस्य की तरह समझा जाता है।

पार्टी ने सदैव महिलाओं और युवाओं को पूरी तवज्जो दी है। भाजपा के लिए संगठन का बहुत महत्व है और इस संगठन में काम करने वाला हर कार्यकर्ता अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्टी संगठन की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरविंदर सिंह रोड़ी, हनुमान गोदारा, सर्वजीत सिंह काका, राजेंद्र सोनी, सरपंच सुखपाल सूरतिया, मलड़ी सरपंच अंग्रेज सिंह, रोहन, जगसीर, सरपंच गुरमीत चकेरियां आदि उपस्थित थे। चौपटा क्षेत्र के जमाल मंडल में भी उनका भरपूर स्वागत किया गया और कार्यकर्ता साथियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स मान बढ़ाया। यहां भी जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पार्टी में हर कार्यकर्ता बहुत महत्वपूर्ण है। पार्टी ने उन्हें जो जि मेदारी दी है, उसे पूरी ऊर्जा, कर्त्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से निभाया जाएगा और हर पार्टी सदस्य को पूरा मान-स मान दिया जाएगा। इस अवसर पर जमाल मंडल अध्यक्ष जगत पाल बेनीवाल, जयवीर रोज, सतवीर महामंत्री व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ट्रांसपोर्टर की फर्जी मेल आईडी बना कर दी झूठी शिकायत

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

शहर थाना सफीदों पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के नाम से फर्जी जी-मेल आईडी बना, एफसीआई मैनेजर की झूठी शिकायत करने पर रविवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

सफीदों के ट्रांसपोर्टर विश्वनाथ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एफसीआई समेत अन्य सरकारी एजेंसियों के ठेके लेता है। किसी व्यक्ति ने उसके नाम से फर्जी जी-मेल आईडी बना कर एफसीआई मैनेजर भागीरथ मीणा की झूठी शिकायत कर दी। जबकि वे ईमानदार अफसर हैं। शिकायत में उसके हस्ताक्षर भी फर्जी किए गए हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में फरीदाबाद में निकाली जा रही है शोभायात्राएं

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। /टीम एक्शन इंडिया**

श्रद्धालु/भक्त कीर्तन व शोभा यात्राओं के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का करें सहयोग। आमजन को ना हो कोई परेशानी, इस बात का रखें ख्याल। फरीदाबाद- फरीदाबाद पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन में कार्यरत फरीदाबाद पुलिस ने 22 जनवरी को अयोध्या में बने राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के मध्यनजर निकाली जाने वाली शोभायात्राओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। फरीदाबाद के पुलिस जोन बल्लभगढ़, एनआईटी व सेंट्रल में आज 21 जनवरी व कल 22



जनवरी को अनेकों शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी। यात्रा के संबंध में करीब 15/16 आवेदन पुलिस को प्राप्त हुए हैं व इनके अलावा विभिन्न मंदिरों में भजन -कीर्तन /जागरण भी किए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि आयोजित की जा रही शोभायात्राओं व कीर्तनों को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए फरीदाबाद पुलिस ने पर्याप्त मात्रा में पुलिस की तैनाती की है। इसके अलावा संबंधित थाना स्तर पर भी अपने एरिया में पूर्ण रूप से चौकसी रखी जा रही है। साथ ही फरीदाबाद पुलिस असामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर बनाए हुए है। ताकि किसी भी प्रकार अप्रिय घटना ना हो सके। निकाली जाने वाली शोभायात्राओं को किसी भी प्रकार की यातायात संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े, उसके लिए भी फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई है।

# मुख्यमंत्री ने अल्फा ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन को भेंट की रामचरित्रमानस

**प्राण प्रतिष्ठा**

**राम मंदिर की 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्राण प्रतिष्ठा होगी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले हवन में भाग लेने आए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद शहर के प्रसिद्ध युवा उद्योगपति व अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन को भगवान राम का पटका और रामचरित्रमानस भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, केबीनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री हरियाणा देवेन्द्र बबली, विधायक नरेन्द्र गुप्ता,विधायक सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर और विधायक नयनपाल रावत सहित श्री श्री 1008 बाबा कालीदास, अध्यक्ष एमआरआईआई डॉ. प्रशांत भल्ला, उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर आशीष जैन ने कहा कि हर भारतवासी के घट में राम बसता है। राम पर्याय हैं भारत के। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस का पाठ करने से जन्म जन्मांतरों के पाप से मुक्ति, भय, रोग आदि सभी दूर हो जाते हैं। रामचरितमानस की चौपाइयां इतनी प्रभावशाली हैं कि इसके पाठ मात्र से धन की कामना रखने वाले को धन की प्राप्ति होती है।

आशीष जैन ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था और विश्वास के प्रतीक भव्य दिव्य राम मंदिर की 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्राण प्रतिष्ठा होगी जिसका पूरा देश बेसब्री से इंतजार कर रहा है। आशीष जैन ने कहा कि करोड़ो लोग जो प्रभु श्रीराम में आस्था रखते है और काफी वर्षो से इस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे उनके सपने को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है।

## सिरसाः नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग का हुआ स्वागत

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग का कालांवाली व चौपटा मंडल में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने वहां मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की और पार्टी की नीतियों के बारे में चर्चा की।

निताशा सिहाग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सभी को समान आदर दिया जाता है और यह एकमात्र पार्टी है जहां सभी को परिवार के सदस्य की तरह समझा जाता है। पार्टी ने सदैव महिलाओं और युवाओं को पूरी तवज्जो दी है। भाजपा के लिए संगठन का बहुत महत्व है और इस संगठन में काम करने वाला हर कार्यकर्ता अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्टी संगठन की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरविंदर सिंह रोड़ी, हनुमान गोदारा, सर्वजीत सिंह काका, राजेंद्र सोनी, सरपंच सुखपाल सूरतिया, मलड़ी सरपंच अंग्रेज सिंह, रोहन, जगसीर, सरपंच गुरमीत चकेरियां आदि उपस्थित थे। चौपटा क्षेत्र के जमाल मंडल में भी उनका भरपूर स्वागत किया गया और कार्यकर्ता साथियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स मान बढ़ाया। यहां भी जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पार्टी में हर कार्यकर्ता बहुत महत्वपूर्ण है। पार्टी ने उन्हें जो जि मेदारी दी है, उसे पूरी ऊर्जा, कर्त्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से निभाया जाएगा और हर पार्टी सदस्य को पूरा मान-स मान दिया जाएगा। इस अवसर पर जमाल मंडल अध्यक्ष जगत पाल बेनीवाल, सतवीर महामंत्री व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोनीपतः नाचो गाओ खुशी मनाओ राम आयो रे

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

शहर सोनीपत, गन्नौर, मुरथल, गोहाना, बड़ी, राई, खरखौदा क्षेत्र में मंदिरों में बजारों में रौनक छाई हुई है। बाजारों सजावट की जा रही है। शोभायात्रा निकाली जा रही है। सबसे खास बात यह है कि इसमें हिन्दू, मुस्लिम, सिख समेत सभी धर्म के लोग शामिल हो रहे हैं।

अयोध्या में श्रीरामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में तैयारियां हैं। मंदिरों और घरों में साफ-सफाई के साथ सजावट के सामान की बाजार से खरीदारी की जा रही है। बाजार भी सुंदर तरीके से सजाए गए हैं। सांसद रमेश कौशिक राई के विधायक मोहन लाल बड़ौली, गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी, राजीव जैन पूर्व मंत्री कविता जैन सेक्टर 15 में पीछे ई-रिक्शा एसोसिएशन भगवान श्रीराम मंदिर के उद्घाटन की जन-जन को प्रतीक्षा है।

## शोभा यात्राओं से भक्तिमय हुआ माहोल, जमकर नाचे श्रद्धालु

**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलाभर में धूम मची हुई है। इसी क्रम में रविवार को झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी व बादली में जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गई। इससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। यात्राओं में न केवल महिलाओं बल्कि पुरुषों व बच्चों ने भी राम भजनों पर जमकर नृत्य किया। चहुं ओर जयश्रीराम की गूंज रही। श्री खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा भी निकाली गई।

बहादुरगढ़ लाइनपार के वार्ड-5 व 6 में रामभक्तों की ओर से भव्य रामरथ शोभा ध्वजा यात्रा



निकाली गई। वार्ड-5 के हरी नगर स्थित बगीची वाले शिव मंदिर से निकाली गई राम रथयात्रा में बैंड बाजों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। नगर परिक्रमा भी की गई। पंचमुखी चौक के पास शिव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ रामरथ शोभा यात्रा निकाली गई। हर कोई जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुआ। डीजे की धुन पर श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। यह यात्रा 22 फुटा रोड, नाहरा-नाहरी रोड, जौहरी नगर से वापस शिव मंदिर पंचमुखी चौक पहुंची। यात्रा के शुभारंभ पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन राजपाल शर्मा, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, पार्षद ज्योति कर्मवीर शर्मा मौजूद रहे। संजय शर्मा ने बताया कि सोमवार को 11 बजे मंदिर में सुंदरकांड पाठ और कीर्तन होगा। इसके बाद प्रसाद वितरित होगा और शाम के दीपोत्सव मनाया जाएगा।

उधर, नई बस्ती, काठ मंडी, रेलवे रोड, मेन बाजार, पुराना नजफगढ़ रोड, सैनीपुरा, जटवाड़ा मोहल्ला, बाग वाला मोहल्ला, गांधी चौक, सुभाष चौक, किला मोहल्ला में भी श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा निकाली। यात्रा में महिलाओं ने भजनों पर जमकर डांस किया।

# गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर थाना मेट्रो पुलिस टीम ने की चेकिंग

**कड़ी निगरानी**

**बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धर्मशाला इत्यादि सार्वजनिक स्थलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।**



**फरीदाबाद, 21 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )**

। गणतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार फरीदाबाद के चौक चौराहों, होटल, रेस्टोरेंट बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धर्मशाला इत्यादि सार्वजनिक स्थलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिसकी चलते थाना मेट्रो पुलिस टीम ने बम डिस्पोजल, डॉग्स स्क्वॉड और सीआईए की टीम के साथ मिलकर मेट्रो स्टेशनों पर चेकिंग कर रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस की सुरक्षा के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा शहर में जगह जगह पर चेकिंग की जा रही है। होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन रिसोर्ट इत्यादि स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही पुलिस का खुफिया विभाग भी एक्टिव रूप से निगरानी रख रहा है। इसी के मद्देनजर आज नीलम अजरौंदा, बाटा व राजा नाहर सिंह बल्लबगढ़ मेट्रो स्टेशनों व पार्किंग को थाना मेट्रो की टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ मिलकर चेकिंग की क्योंकि ऐसे समय पर अपराधिक तत्व भीड़ का फायदा उठाकर सामाजिक शांति को भंग करने की कोशिश करते हैं। पुलिस टीम द्वारा लगातार गश्त की जा रही है और फरीदाबाद में कानून व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस आयुक्त ने सभी जोन के डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों को लगातार फील्ड में मौजूद रहकर कानून व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। इसलिए फरीदाबाद पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह जगह पर तलाशी ले रही है। पुलिस चौकी और डॉग स्क्वायड की टीम ने फरीदाबाद के सभी मेट्रो स्टेशन तथा वहां आने जाने वाली लोगों को भी चेक किया। फरीदाबाद पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और गणतंत्र दिवस पर कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए चेकिंग लगातार जारी रहेगी। लोगों से अपील की है कि संदिग्ध व्यक्ति एवं वस्तु के बारे में 112 पर पुलिस को सूचित करें।

# बिजली मंत्री ने विभिन्न गौशालाओं को 90 लाख रुपये से अधिक राशि के चेक

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**

बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने रविवार को जिला के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने बुर्जभंगु, खाईशेरगढ, खारियां, सुलतानपुरिया, कुस्सर, बालासर आदि गांवों का दौरा किया। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से बिजली मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान जनसमस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को समस्याओं के तत्परता से निवारण के दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान बिजली मंत्री ने अपने दौरे के दौरान गांव खारियां की डेरा बाबा भूमणशाह गउशाला में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न



गौशालाओं को 90 लाख 95 हजार 250 रुपये की राशि के चैक वितरित किए।

बिजली मंत्री ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। गत वर्षो से वे निरंतर इसी संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। इस क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं और अनेक नए कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं जिन पर जल्द ही कार्य आरंभ करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांवों में पक्की गलियों का निर्माण किया जा रहा है तथा पेयजल व सिंचाई सुविधा को बेहतर किया गया है।

# कविता-राजीव जैन की अगुवाई में सोनीपत हुआ राममय



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत(संजीव कौशिक)** श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जगह-जगह महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग यात्रा के स्वागत के लिए घरों से बाहर निकल कर पुष्प वर्षा करते दिखाई दीये और पूरा शहर मानो राममय हो गया हो। गोहाना रोड प्राचीन हनुमान मंदिर से हनुमान चालीसा के पाठ के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने भगवान श्रीराम की मूर्ति को सिर पर उठाकर रथ में सवार किया तो पूरा वातावरण जय सियाराम के नारों से गूंज उठा। अयोध्या जी में निर्मित मंदिर के प्रारूप के सामने भगवान श्रीराम की स्वामी दिव्यानंद भिक्षु, स्वामी दयानन्द सरस्वती ने पूजा अर्चना की और शंखनाद किया गया। 6 घंटे तक चली श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का

**शोभा यात्रा**

**श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जगह-जगह महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग यात्रा के स्वागत के लिए घरों से निकले**

शहर की कोई संस्था नहीं बची जिसने यात्रा ना किया हो का पुष्प वर्षा करके स्वागत न किया हो और यात्रा का प्रारंभ से समापन तक स्वागत करने वालों की कतार लगी रही। शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रहे घोड़े पर बैठे लवकुश की जोड़ी, एक ही रंग की पगड़ियां पहने मोटर साइकिल सवार युवकों का जत्था, श्रीराम मंदिर का प्रारूप, राम परिवार, महर्षि बाल्मीकि एवं शबरी की झांकी आकर्षण का केंद्र थी। शोभा यात्रा में सैंकड़ो महिलाएं प्रभु श्रीराम का कीर्तन करते हुए चल रही थी। स्वामी दिव्यानंद ने अपने सम्बोधन में शुभकामनायें देते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण से सनातन धर्म का जबरदस्त जागरण होगा और भावी पीढ़ियों को राम चरित्र अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए लोगों का बलिदान काम आया है इसलिए यह शौर्य मंदिर भी है। कविता जैन ने कहा कि भगवान श्रीराम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे युग पुरुष का इंतजार था और उन्ही के हाथों मंदिर का निर्माण करवाना चाहते थे। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का पुष्प वर्षा करके स्वागत करने वाली संस्थाओं का पटका पहनकर स्वागत किया।

# मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्मः देवेंद्र

**शिविर**

**रविवार को वार्ड 10 से पार्षद प्रतिनिधि टिंकू प्रधान के सहयोग से मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया**




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**लल्हेड़ी रोड** पर स्थित अंबेडकर भवन के परिसर में रविवार को वार्ड 10 से पार्षद प्रतिनिधि टिंकू प्रधान के सहयोग से मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। जिसमें पार्क निदान अस्पताल से चिकित्सकों ने बीपी, शुगर, हड्डी जांच, आंखों की जांच, ऑक्सीजन लेवल इत्यादि बीमारियों से ग्रस्त करीब 150 रोगियों की जांच की। जरूरतमंद का फ्री दवाई देने के साथ ही सेहतमंद बने रहने के टिप्स दिए। इससे पहले शिविर का शुभारंभ देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया। उनका यहां पहुंचने पर आयोजकों ने फूल माला से स्वागत किया। मुख्यातिथि कादियान ने कहा कि मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। पैसे के अभाव में लोग समय पर छोटी बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते है। जिसके कारण आगे चलकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए लोगों को पहले ही इलाज करा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब व जरूरतमंदों को समय पर इलाज मिल सके, इसके लिए उनकी देवा सोसायटी की तरफ से क्षेत्र में 10 मुफ्त एंबुलेंस सेवाएं दी जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला ने किसान ,मजदूर व महिलाओं के हित की लड़ाई लड़ीः स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र** (दलबीर मलिक)शाहाबाद हलके की कांग्रेसी नेत्री स्वीटी रंगा नलवी, चौधरी रणसिंह देशवाल, मिहा सिंह रंगा चेयरमैन महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट ने स्वर्गीय शमशेर सिंह सुरजेवाला जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित किए। स्वीटी रंगा ने कहा कि स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला ने किसानों व कमेरे वर्ग के हित के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान की लड़ाई लड़ी । स्वर्गीय शमशेर सिंह सुरजेवाला किसान ,मजदूर की भलाई के लिए जो कार्य किए उनको बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने हमेशा जनहित के लिए संघर्ष किया ।चौधरी रणसिंह देसवाल सरायसुखी ने कहा कि अब स्वर्गीय शमशेर सिंह सुरजेवाला के पद चिन्हों पर चलते हुए चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला कांग्रेस पार्टी को नई ऊंचाइयों की तरफ ले जा रहे हैं।

### श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में लुखी गांव में भव्य शोभा यात्रा का किया आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)पवित्र नगरी** अयोध्या में भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर देश भर में उत्सव का माहौल है इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र के गांव लखी में भी श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है ! जिसको लेकर रविवार के दिन समस्त ग्राम वासियों की ओर से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई हर तरफ जय सियाराम बोल सियापति रामचंद्र की जय बजरंगबली के नारों से माहौल पूरा भक्तिमय बना रहा युवा हाथों में श्री राम की ध्वजा पताका लेकर इस ऐतिहासिक पर्व को और अधिक शोभा बढ़ा रहे थे । समस्त ग्राम वासियों द्वारा भगवान श्री राम के जीवन में उतारने की प्रेरणा लेने का संकल्प लिया गया ।जिस प्रकार आज का युवा नशे की तरफ अग्रसर है तो उसी को देखते हुए लुखी ग्राम युवा वासियों के प्रयासों से पूरे समाज को यही संदेश दिया गया कि हमें अपने जीवन में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को धारण कर आगे बढ़ना चाहिए । भव्य शोभा यात्रा लुखी गांव से आरम्भ होकर गाँव सुरमी,छैलों, बगथला, समसपुर ,बलाही, गामडी से होती हुई समापन गाँव लुखी में किया गया।

### पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों में जाने के लिए श्रद्धालु से आवेदन किए आमंत्रित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि ऐसे श्रद्धालु व जत्थे जो कि महाराजा रणजीत सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जून-2024 में पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन करने के लिए जाना चाहते है, वे श्रद्धालु व जत्थे इसके लिए जिला स्तर पर अपना पंजीकरण करवा सकते है।

### श्रीराम मंदिर का निर्माण होते देखना सौभाग्य की बात : अमित बिंदल

**सोनीपत/संजीव कौशिक**
प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा निकाली, जिसमें सैंकड़ों रामभक्त शामिल हुए। इस दौरान श्रीराम के जयकारे लगाए गए। रामभक्तों को संबोधित करते हुए अमित बिंदल ने कहा कि अयोध्या में सैंकड़ों वर्षों की लड़ाई के बाद जीत हासिल हुई और अब श्रीराम लला अपने निर्धारित स्थान पर अपने भव्य मंदिर में विराजमान



होने जा रहे हैं। यह सौभाग्य की बात है कि हम अपने सामने राम मंदिर का निर्माण पूरा होते देख रहे हैं। सदियों बाद ऐसा अवसर आया है। अयोध्या में इतिहास रचा जा रहा है और धर्म की स्थापना होने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण ही संभव हो पाया है। यही कारण है कि देश-दुनिया के रामभक्त नरेंद्र मोदी का भी आभार जता रहे हैं।

# प्राण प्रतिष्ठाः आवाहित पूजन कार्य किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**सनातन** धर्म मंदिर मॉडल टाउन पानीपत में चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तीसरे दिन आवाहित पूजन कार्य किया गया। कलश यात्रा एवं बेदी पूजन के बाद यह कार्य किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य तरुण , गौरव गोयल, विनय खूंगर एवं विनोद धमीजा रहे। जिन्होंने पूजा अर्चना के साथ यह कार्यक्रम संपन्न कराया। इस अवसर पर दाऊ महाराज राधे राधे महाराज एवं पंडित वेद पाराशर भी उपस्थित रहे। जिन्होंने अपनी सत्संग वाणी से श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। श्रीनाथजी महाराज ने कहा की संकीर्ण का अर्थ केवल मात्र नाचने गाने से नहीं है।



जब जीव की आत्मा भीग जाए एवं उसे परमात्मा के ज्ञान हो जाए उसी का नाम संकीर्तन है। आजकल लोग केवल मात्र डीजे लगाकर दरबारों में नाचते गाते दिखाई देते हैं वह संकीर्तन नहीं है जब परमात्मा हृदय में उतर जाए आत्मा में उतर जाए वह संकीर्तन एवं भक्ति है। स्मरण रहे सनातन धर्म मॉडल टाउन में 19 जनवरी से 25 जनवरी तक मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है जिसमें कलश यात्रा एवं बेदी पूजन संपन्न हो चुके हैं। आज तीसरे दिन आवाहित देवता पूजा का कार्यक्रम हुआ जिसमें मूर्तियों को जलाभिषेक कराया जाता है एवं भोजन कराया जाता है। एवं मत्रों के माध्यम से मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। मंदिर के प्रधान तरुण गांधी ने आने वाले सभी श्रद्धालु जनों का यजमानों का हृदय की गहराइयों से आभार प्रकट किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। श्रीनाथजी महाराज ने कहा की मंदिर के प्रधान तरुण गांधी बधाई के पात्र हैं क्योंकि पूरे उत्तरी भारत में ऐसा मंदिर कहीं नहीं बना। उन्होंने कहा अक्सर लोग पानीपत से बाहर के मंदिरों को देखने जाते हैं अब पानीपत के लोग बाहर से इस मंदिर को देखने के लिए आएंगे।

# गांवों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री राम की शौभा यात्रा की झांकियां निकाली

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सनौली-बापौली** ग्रामीण क्षेत्र के अनको गांवों में अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को श्री राम की शौभा यात्रा की झांकियां निकाली जा रही है। सनातन धर्म मंदिर सभा की ओर से गांव बापौली में श्री राम की शौभा यात्रा ढोल बाजे के साथ निकाली गई। सोमवार 22 जनवरी को ऐतिहासिक दिन बताते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विधू रावल, ड़ा . प्रभू दयाल आरोड़ा, लक्ष्मणदास रहेजा पूर्व सरपंच बापौली ने बताया कि पूरे गांव में सभी धर्म, जाति के लोगो ने श्री राम की झांकियां निकली है। श्री राम मंदिर श्री राम लला को लगभग 550 वर्षो के लंबे समय के बाद इस दिन अयोध्या में भगवाल श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। जो हम सब के लिए गौरव की बात है। इस दिन को एक भव्य रूप में मनाए और अपने घरों में कम से कम 5 दिए अवश्य जलाएं। इस अवसर पर दीपक कटारियां, ड़ा पीड़ी आरोड़ा, बिजमोहन भाटिया, हरीश कटारियां, जीत रहेजा, अनील रावल, सुरेंद्र कटारियां, तरूण रहेजा, देवेन्द्र अरोड़ा, ड़ा . प्रभू दयाल आरोड़ा, नरेश, श्री राम नंबरदार, बिटटू रहेजा सहित अनेक माजूद रहे।

# महिला स्वयंसेविकाएं युवा रेड क्रॉस प्रशिक्षशिविर में लेगी भाग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू के युवा रेड क्रॉस कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर दिनेश सिंह राणा के नेतृत्व में महिला स्वयंसेवकों के लिए राज्य स्तरीय युवा रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप उत्तराखंड राज्य के नैनीताल जिले में यूथ हॉस्टल में 22 जनवरी से 26 जनवरी 2024 तक लगाया जाएगा। इस कैंप में हरियाणा के 6 जिलों के अलग-अलग कॉलेज से 10 टीम भाग ले रही हैं जिसमें 40 लड़कियां 5 महिला रेड क्रॉस काउंसलर 2 पुरुष रेड क्रॉस काउंसलर, कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर दिनेश सिंह राणा साहित स्टाफ सदस्य मौजुद हैं ।इस कैंप का मुख्य उद्देशय यूथ रेड क्रॉस की स्वयंसेविकाओं को प्राथमिक शिक्षा, सड़क सुरक्षा, रक्तदान की भूमिका, एवं विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों का दौरा करवाना है। इस कैंप के लिए टीम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से 21.01.2024 को सुबह 11.00 बजे नैनीताल के लिए रवाना हुई है। इस कैंप के लिए कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने पूरी टीम को अग्रिम शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया है।

# 164वीं बेसहारा महिला प्रभु को भेजा अपना घर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
163वां बेसहारा 164वीं बेसहारा महिला प्रभु को भेजा अपना घर आश्रम समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा चलाई जा रही मुहिम को ध्यान में रखते हुए आज फिर एक बेसहारा दिल्ली रोड पर मिला जो बहुत ही बुरी हालत में मिला जिसे। जतिन आहूजा ने ढूंढा और फिर उस बेसहारा की फोटो वीडियो बनाई गई जिसे प्रधान आनंद कुमार के पास भेजा गया जिसके बाद पुठ्ठ खुर्द से एंबुलेंस बुलाई गई और सब इंस्पेक्टर जगत सिंह ने उस बेसहारा की पुलिस फॉर्मेलिटी करने के उपरांत उस परभु को अपना घर आश्रम दिल्ली भेजा गया। इसी प्रकार एक बेसहारा महिला को



सहर में घूमते हुए देखा गया जिसको वन स्टाफ सेंटर में भर्ती करवाया गया

जिसकी सूचना सिविल लाईन थाना मे करवाई गई। सिविल लाईन से ए एस आई नीलम का फोन आया कि एक मंद बुद्धि महिला है आनंद कुमार ने ए एस आई को बताया की उसबेसहारा महिला प्रभु की फोटो वीडियो भेज दो और उस का मेडिकल करवा दो जब तक बुढ़ पर अपना घर आश्रम से एंबुलेंस को बुलाते है जब तक बेसहारा महिला का मेडिकल करवाया गया तब तक महिला आश्रम से ड्राइवर।

# रिफाइनरी ने दी 280 विद्यार्थियों को छात्रवृति

**पानीपत/कमाल हुसैन**
एम एल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने मिनी स्मार्ट सिटी में आयोजित कार्यक्रम में पीआरपीसी मेधावी छात्रवृति योजना के अंतर्गत 280 छात्र-छात्राओं को ग्राम सरपंचों की उपस्थिति में सम्मानित किया। यह सम्मान इंडियन ऑयल की पीआरपीसी ने गांवों के होनहार छात्र एवं छात्राओं को और आगे प्रगति करने तथा उन्हें उत्साहित एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से अपने द्वारा बनाई गई पॉलिसी पीआरपीसी मेधावी छात्रवृति योजना के तहत प्रदान किया है।

# अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शिव मंदिर, सेक्टर 3 में चलाया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**अयोध्या में** 22 जनवरी को श्री राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अपने-अपने घरों व मंदिरों में सफाई कर उन्हें दुल्हन की तरह सजाने व पांच पांच घी के दीपक जलाने के आह्वान पर सेक्टर 3 स्थित शिव मंदिर को फूल मालाओं एवं लाइटों से सजाया गया है । राम भक्तों के मन में उत्साह देखते ही बनता है । राम दरबार सहित सभी देवी देवताओं की मूर्तियों को अच्छी तरह से सजाया गया है । कई दिनों से मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा



स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर के हर कोने की सफाई की जा रही है । मंदिर में आज भी श्रद्धालुओं द्वारा सफाई अभियान जारी रखा गया ।राम पाल पाली, प्रदेश सचिव, हरियाणा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा एवं गुलशन ग्रोवर, प्रधान, सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट व जोगेंद्र सिंह चौहान, प्रधान, शिव मंदिर सभा के नेतृत्व में दुष्यंत बख्शी, बिट्टू मित्तल, उर्मिला वर्मा, गुलशन सूदन, पुष्पा देवी, अनीता देवी, रेखा शर्मा, विमलेश कुमारी सहित कई अन्य श्रद्धालुओं ने भी इस स्वच्छता अभियान में भाग लिया ताकि सनातनियों के 500 वर्षों के संघर्ष और लाखों बलिदानों के पश्चात अयोध्या में श्री राम लला के नव निर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में कल अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भांति कुरुक्षेत्र, सेक्टर 3 के शिव मंदिर में भी इसी खुशी में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जा सके और सभी श्रद्धालु मन से ऐसा अनुभव कर सकें कि वे प्रभु श्री राम की अयोध्या में आयोजित भव्य कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बन रहे हैं ।

# भोगीपूर पावर हाऊस में सुबह बिजली कटो से ग्रामीण परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**जगमग** योजना से जुड़े भोगीपूर गांव के पावर हाऊस से गांव राजलू गढ़ी व भोगीपूर गांव के ग्रामीण सुबह के समय लगने वाले बिजली कटो से परेशान है। बिजली उपभोक्ताओं का कहना कि वे सुबह बिजली कटो के बारे में पावर हाऊस में फोन करते है तो उनका फोन भी नही उठाया जाता। उपभोक्ताओं ने बताया कि सुबह के जब सबसे ज्यादा बिजली की जरूरत होती है। पशुओं को पानी पिलाने व घर में प्रयोग के लिए ताजे पानी की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि सुबह जब उठकर काम करने का समय होता है तो बिजली कट लगने शुरू हो जाते है। कई बार तो 1-1 घंटे तक बिजली नही आती। इस बारे में

**बिजली कट**

**वे सुबह बिजली कटो के बारे में पावर हाऊस में फोन करते है तो उनका फोन भी नही उठाया जाता**

अधिकारियों से सर्म्पक करना चाहा तो सर्म्पक नही हो सका। उपभोक्ता ने बताया कि शनिवार को सुबह पावर हाऊस से बिजली आपूर्ति बंद थी तो पावर हाऊस में जाकर पता किया तो वहां तैनात कर्मचारी ने बताया कि बिजली का तार नीचे लटक गया है। इस कारण बिजली कट कर दी है।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक के आवास पर असामाजिक तत्वों ने किया हमला

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**मुस्लिम** राष्ट्रीय मंच के हरियाणा प्रदेश संयोजक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री चौधरी अफसर रावल के आवास पर असामाजिक तत्वों द्वारा दिनदहाड़े हमला कर प्रदेश संयोजक व उसके भाई को जान से मारने का प्रयास किया गया। गत बुधवार मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हरियाणा प्रदेश संयोजक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला पानीपत महामंत्री चौधरी अफसर रावल के बापौली निवास पर कुछ असामाजिक तत्वों ने खूब बवाल किया और अफसर रावल व उसके भाई व परिवार पर जान लेवा हमला करने की कोशिश की गई। अफसर रावल के भाई सरवर पुत्र कामिल निवासी बापौली




बुधवार सुबह लगभग 10 बजे संजय पार्क टहलने गया हुआ था तभी वहां पर दिलशाद पुत्र ज़िंदा व उसका भाई इरशाद पुत्र ज़िंदा निवासीगण गांव बापौली ज़िला पानीपत संजय पार्क पहुंचे और अफसर रावल के भाई सरवर के साथ लात घूंसो से मारपीट करते हुए बोले के तू पुलिस का और सीआईए का मुखबिर है और तू ही हमेशा हमारी मुखबिरी करता है, वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव करते हुए सरवर को छुड़ा दिया और सरवर अपने घर आगया, लेकिन शाम लगभग 5 बजे फिर उक्त दिलशाद व इरशाद , गुंडा पुत्र आबिद निवासी गढ़ी बेसिक अपने साथ मोटर साइकिल पर सवार दर्जनों बदमाशों को साथ लेकर धारदार हथियारों के साथ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक चौधरी अफसर रावल के बापौली आवास पर बवाल करने लगे और दरवाजा तोड़ने लगे और शोर मचाते हुए गाली गलोच करते रहे और जान से मारने की धमकी देने लगे कि बाहर निकलो आज तुम्हें जान से मार कर ही जायेंगे।

# ग्रामीणों को श्री राम भक्तो की टोली ने दिया निमंत्रण



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आयोध्या** में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण का लेकर गांव सनौली खुर्द में समाजसेवी पंडित मुकेश त्यागी, सरपंच संजय त्यागी, नरेश कुमार, राममेहर त्यागी ने ग्रामीणों को श्री राम मंदिर को लेकर घरो में दीये जला भव्य सवागत का निमंत्रण दिया। इस दौरान गांव सनौली खुर्द में सरपंच संजय त्यागी, पंडित मुकेश त्यागी सर्व बहामण सभा हल्का उपाध्यक्ष ने लोगों को आयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण दिया श्री राम भक्तो की टोली का लोगों ने फुलमालाओं के साथ लडडू खिलाकर उनको भी आयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण स्वीकार कर उनको बधाई दी है। इस पर उहोंने श्री राम की झांकी भी निकाली गई।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को जिले में एक दिवसीय दौरे पर आएंगे

**हैदराबाद, 21 जनवरी।**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को जिले में एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। इस दौरान वे रतिया में एक सामाजिक कार्यक्रम में शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही जिले के गांव डूल्ट में अमृत सरोवर प्रोजेक्ट का समर्थन करेंगे। अविश्वासी अजय सिंह तोमर ने बताया कि मुख्यमंत्री 24 जनवरी को सुबह 10 बजे लुवास, हिमाचल प्रदेश से प्रदेश के विभिन्न विकास के वृत्तचित्र और उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में 263 करोड़ 24 लाख 92 हजार रुपये का दसवां विकास बोर्ड का उद्घाटन और उद्घाटन शामिल है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल 24 जनवरी को लुवास में, जिले से 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत, दीवाना गांव में कनाल वॉटर वर्ज, एक करोड़ 77 लाख 66 हजार रुपये से बने, सहायक केंद्र जल्लोपुर, एक करोड़ 77 लाख रुपये से 3 करोड़ 19 लाख 34 हजार रुपये की लागत से बने नेशनल मॉडल कल्चर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भूना में 12 एसीआर, 3 लैब और शौचालय तथा एक करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बने सरकारी मॉडल कल्चर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखल के 8 एसीआर, 3 लैब और लाइब्रेरी का उद्घाटन होगा। इसी दिन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल 55 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गांव रतिया शहर के लिए स्वतंत्र नहरी आधारित जलघर, 4 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गांव महमदा के नहरी स्थित जलघर, 3 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत बनने वाले हसंगा मेडिकल के स्वास्थ्य केंद्र, 4 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत बनने वाले गांव खारा खेड़ी में द्वितीय जलघर, 185 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बनने वाले वो बुढलाडा पंजाब बोर्डर से रतिया-फतेहाबाद-भट्टू भादरा को जाने वाले रोड का परिभाषा देंगे ।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की दोपहर 2 बजे के बाद गांव डूल्ट में प्रदेश के 59 अमृत सरोवर तालाबों की सुंदरता का रहस्य सामने आएगा। अन्यों के 3, चरखी दादरी के 6, झज्जर के 6, नूंह के 7, हनुमानबाद के 30, किले के 4, कथल, पलवल वसतह के एक-एक अमृत सरोवर शामिल हैं।

# नरेला: श्री श्याम कथा के भव्य आयोजन में उमड़े हजारों श्रद्धालु











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के नरेला स्थित पुरानी अनाज मंडी में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से नरेला में पहली बार तीन दिवसीय शीश के दानी की अमर कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस श्री श्याम प्रभु की संगीतमय श्याम कथा का आयोजन किया गया। व्यास पीठ पर आसीन सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक बृज रसिक प्रेमानंद शुक्ला द्वारा बड़े भाव के साथ भक्तों को प्रभु की कथा सुनाई गई। इस दौरान नवदा भक्ति, सबरी चरित्र, कर्मा बाई आदि प्रसंग सुनाया। कथा प्रवचन के दौरान श्री राम शबरी की नवधा भक्ति के वर्णन करते हुए बताया कि श्री राम शबरी और नवधा भक्ति में प्रथम भक्ति है संत सत्संग। खाटू श्याम कथा में कथा व्यास ने बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि जो भी सच्चे मन और समर्पित भाव से बाबा की पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है। बस पूजा एकाग्र भाव से होनी चाहिए। प्रेमानन्द शुक्ला जी ने बाबा खाटू श्याम को कलयुग का तारणहार बताते हुए कहा कि इनकी भक्ति और इनकी शरणागति मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस दौरान प्रभु श्याम के जीवन चरित्र एवं श्याम लीलाओ का संगीतमय तरीके से वर्णन किया , पंडाल में मौजूद सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।



इस दौरान मुख्य अतिथि अति विशिष्ट अतिथियों को पटका पहनाकर, श्री श्याम प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया गया।

कथा समापन पर आरती की गई और भक्तों में छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। श्याम कथा में श्री श्याम मस्ताना मंडल की और से संस्थापिका शालिका अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक रणवीर सिंह, वरिष्ठ संरक्षक रामा खत्री, संरक्षक विपिन अग्रवाल, संरक्षक प्रतीक बंसल, मार्गदर्शक अजय कुमार, विवेक अग्रवाल, प्रचार मंत्री पारस जैन, अंकित सक्सेना, पूर्ण भगत, वीरेंद्र गर्ग, महावीर, अमित, पंकज, अमित शर्मा, जितेंद्र शेट्टी, बंटी गर्ग, राहुल मंगला, अमित बंसल, सुनील पहलवान, विकास बंसल, श्रवण कुमार भविष्य गर्ग एकलव्य शर्मा, तक्षु गोयल, चिराग गर्ग, प्रतीक गर्ग, मधु, रानी, मीनू, रेनू, नेहा, नंदनी, ज्योति, मंजू, रीतू गुप्ता, रामा नहरा, एनम अग्रवाल, रक्षा गर्ग, अन्वी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





## शालीमार बाग: हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए: बालेराम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सेवा से बड़ा कोई** भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को गरीबों की मदद करनी चाहिए और हमेशा ही सभी सत्य की राह पर चलना चाहिए और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उक्त बातें शालीमार बाग के समाजसेवी बालेराम ने कही।

उन्होंने आगे बताया कि गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करना भी पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले। सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। क्योंकि सत्य की हमेशा ही जीत होती है। सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें फल और फूल देते है वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है।

## शिक्षकों ने राम नाम पर अयोध्या धाम को एक मुट्टी अनाज़ किया अर्पण: अजयवीर यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शिक्षकों की** गहरी आस्था श्रद्धा को देखते हुए राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ दिल्ली राज्य द्वारा अयोध्या में श्रीराम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अपना सहयोग देने हेतु एक मुट्ठी अन्न राम के नाम महोत्सव का आयोजन किया गया। सभी ने एक-एक मुट्ठी अन्न कलश में डालकर एकत्रित किया।




**एकत्र अन्न भेजा जाएगा अयोध्या:** इस एकत्रित हुए अन्न को राम जन्म भूमि कमेटी अयोध्या उत्तर प्रदेश को राम के चरणों में अर्पित करने हेतु भेजा जाएगा। जिसको एक विशेष सदस्यों की समिति लेकर जायेगी और राम भक्ति का अत्यंत विशेष परिचय देगी। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ दिल्ली के लोकप्रिय शिक्षक नेता व महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि दिल्ली शिक्षक समाज की ओर से श्री राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अपनी भागीदारी व उपस्थिति दर्ज कराने की पुरजोर माँग लगातार उठ रही थी जिसको मद्देनजर रखते हुए शिक्षक समाज की श्रद्धा, लगन व शक्ति की पूर्ति हेतु एक मुट्ठी अन्न राम के नाम कार्यक्रम का आयोजन करोल बाग स्थित महासचिव अजय वीर यादव के कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम में विशेष कलश को पूर्ण विधि विधान से स्थापित किया गया। जिसमें सैकड़ों शिक्षकों ने बारी-बारी से अपने परिवारजनों के साथ एक मुट्ठी अन्न कलश में अर्पित करके अपनी रामभक्ति के प्रबल भावों को पूर्ण समर्पित किया। इस कार्यक्रम से श्रद्धालु शिक्षकों के मन में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव जो आने वाली 22 जनवरी को होगी उसमें अपनी उपस्थिति की भावना और रामभक्ति जैसा अभूतपूर्व वातावरण उत्पन्न हुआ।

## नांगलोई: हल्का-ए-तश्नग्न की 561वीं काव्य गोष्ठी संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हल्का-ए-तश्नगन-ए-अदब** की 561वीं निशस्त रविवार 3 बजे से शाम 7 बजे तक सुरभि म्यूजिक स्टूडियो पिलर नम्बर-420 नियर नांगलोई रेलवे मेट्रो स्टेशन नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। नशिस्त की निजामत वरिष्ठ शायर जनाब सीमाब सुलतान पुरी साहब ने शानदार अंदाज में की। नशिस्त में लगभग 35 शौहरा इकराम ने अपना कलाम पढ़ा। जिनमें असलम बेताब ,जावेद अब्बासी, आरिफ देहलवी, अशरफ देहलवी, उस्ताद शायर अब्दुल रहमान मंसूर, अजय अक्स, कवि संजय गिरि, गोपाल गुप्त, पवन शर्मा, शाकिर देहलवी, सहादत अली निजामी, फरीद अहमद फरीद, ताबिश खेराबादी आदि रहे।



सावन पार्क में भव्य श्रीराम कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पूर्व पार्षद देवराज कोली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गीतांजलि सभागार में श्रीलंका की कौशल्या सुमाली हुई सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली पब्लिक** लाइब्रेरी के नारायणी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में विश्व स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें श्रीलंका से आई कौशल्या सुमाली लकसलानी को नामवर हिंदी सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया और पुरस्कार की नगद धनराशि के साथ पुरस्कृत किया गया। उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व द्वारा किए गए साहित्यिक कार्य एवं हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में समर्पित जीवन बहुत ही संघर्षमय है। आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को हिंदी सीखाने के लिए स्कूल चलाती हैं और अपनी संस्था 'पद्यांजलि हिंदी निकेतन' द्वारा भारतीय संस्कृति, परम्पराओं के



साथ नृत्य, चित्रकारी आदि की शिक्षा भी देती है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सविता चढ्ढा एवं अकादमी की राष्ट्रीय अध्यक्षा पुष्पा सिंह विसेन एवं अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि में चंद्रकान्ता शिवाल, आमोद, आरिफ खान आदि की उपस्थिति रही। युवा रचनाकारों की पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। पूनम बागड़ियां, ऋचा गौड़, प्रदीप सुमनाक्षर, दीपक शर्मा आदि की पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। निधी मानवी कवयित्री की सरस्वती वंदना से काव्य पाठ का प्यारा सफर आरंभ हुआ। संचालिका राज रानी ने बहुत ही अच्छा संचालन द्वारा आयोजन को सफल बनाया। नारायणी साहित्य अकादमी की युवा पीढ़ी का पूरा समूह बहुत ही कर्मठता से पूरा कार्यक्रम सहज बनाया।

देवरिया की धरती से पधारे नागरी प्रचारिणी सभा के मंत्री अनिल त्रिपाठी ने अपनी गरिमामयी उपस्थित से आयोजन का मान बढ़ाया। डा. जनार्दन यादव ने श्रेष्ठ अतिथि कौशल्या सुमाली लकसलानी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि संजय गिरी ने अपने द्वारा बनाया गया वृत्त चित्र नारायणी साहित्य अकादमी की अध्यक्षा को भेंट किया।

अकादमी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने सभी का आभार एवं धन्यवाद करते हुए समापन किया।

## भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के दिल्ली प्रदेश प्रांतीय संगठन कन्वीनर बने डॉ. विपिन पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय वाल्मीकि** धर्म समाज (रजि) भावाधस भारत के राष्ट्रीय मुख्य सर्वोच्च निर्देशक एवं आदि धर्मगुरू परम आदरणीय स्वामी चंद्रपाल अनार्य की अध्यक्षता में राजधानी दिल्ली में केंद्रीय कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें भावाधस संगठन को और गति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें भावाधस के राष्ट्रीय निर्देशक वीरश्रेष्ठ बालचन्द बोहोत, राष्ट्रीय निदेशक वीरश्रेष्ठ नरेश धींगान, राष्ट्रीय मुख्य संचालक विरोत्तम शिव कुमार बिड़ला, राष्ट्रीय महामंत्री वीरश्रेष्ठ राजकुमार साथी, राष्ट्रीय संचालक वीरश्रेष्ठ



रामलाल कल्याण, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री वीरश्रेष्ठ मुकेश सिरसवाल, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री त्रिलोक गिल, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दिनेश गहलोत, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री वीरश्रेष्ठ धर्मवीर अनार्य, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री बनवारी लाल, राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट वीरश्रेष्ठ विजय चौहान, राष्ट्रीय लेखा निरीक्षक वीरश्रेष्ठ सुनीलदत्त, दिल्ली प्रदेश प्रभारी



वीर जीवन सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीर खेमराज, दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष वीर सुशील उज्जैनवाल, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीर रामकेश, धर्म प्रचारक दिल्ली प्रदेश वीर जगदीश महाराज, दिल्ली प्रदेश सचिव वीर विनय,वीर मामचंद, वीर राजवीर एवं पदाधिकारियों व धर्म प्रेमियों ने बैठक में भाग लिया।



**स्थापना:** डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की स्थापना 1964 में प्रथम धर्म गुरु वीरश्रेष्ठ विकल जी महाराज के नेतृत्व में हुई थी।

**संगठन का उद्देश्य:** भावाधस का उद्देश्य संपूर्ण भारत में विभाजित वाल्मीकि समाज को एक करना, एक झंडा, एक निशान, एक पूजा पद्धति और एक ही नाम से वाल्मीकि नाम से जाना जाए।

**डॉ. विपिन पिव्हाल बने प्रांतीय संगठन कन्वीनर:** बैठक में डॉ. विपिन पिव्हाल के समाज के प्रति कार्यों को देखते हुए उन्हें प्रांतीय कन्वीनर दिल्ली प्रदेश बनाया गया है।

**डॉ. विपिन पिव्हाल ने धर्मगुरू से लिया आशीर्वाद:** डा. विपिन पिव्हाल ने आदि धर्मगुरू परम आदरणीय स्वामी चंद्रपाल अनार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया व सभी पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के लिए दिन-रात मेहनत करेगें और संगठन को मजबूत करेगें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुष हैं: विधायक राजेश नागर

**राम का पूजन**

**22 जनवरी को सभी लोग भगवान राम का पूजन करें और अपने घर प्रतिष्ठानों पर दीये जलाएं**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने आज इस्माइलपुर क्षेत्र में आयोजित एक रैली में भागीदारी की जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इसका आयोजन 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाली रामलला प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में की गई थी। जिसका संयोजन शीशराम अवाना ने किया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि श्री राम हमारे भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुष हैं। हम उनके दिखाए मार्ग को मानते हैं। भगवान श्री राम ने मयार्दा का ऊंचा पाठ हमें पढ़ाया जिसे हम भारतीय अपना आधार मानते हैं। इसी वजह से भारत पूरी दुनिया का सिरमौर है। हमारे ग्रंथ इस बात की गवाही देते हैं कि भारतीय संस्कृति कितनी महान है और हजारों हजार आक्रमणों के बावजूद हम अपने धर्म से डिगे नहीं हैं। नागर ने कहा कि करीब 500 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ है और उसमें श्री राम लला विराजित हो रहे हैं। जिनकी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हफ्ते भर से चल रहा है और 22 जनवरी को यह कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पुरुषार्थ भगवान ने प्रदान किया है। ऐसा श्रेय प्राप्त करने वाले नरेंद्र मोदी इस युग के महापुरुष हैं और उन्होंने जो जीवन में तप जप किया, उसका प्रतिफल आज पूरा देश और दुनिया उन्हें मिल रहा है। राजेश नागर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में 22 जनवरी को हजारों जगह पर लोग सामूहिक रूप से श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव कवरेज देखेंगे और हजारों जगह पर भंडारे लगेंगे, कीर्तन होंगे और दान आदि के कार्यक्रम होंगे। जिसमें सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने सभी से कहा कि वह दिन में भगवान श्री राम का पूजन करें और शाम को अपने घर और प्रतिष्ठानों को दीये और सुंदर लड़ियों से सजाएं। हम अपने भगवान को अपना आराध्य मानते हैं और उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। यह यात्रा सोमनाथ मंदिर अजय नगर से बसंतपुर, शिव एंक्लेव, बजाज चौक से अटल चौक इस्माइलपुर, गुरुद्वारा नवीन नगर से निखिल बिहार, बसंतपुर कॉलोनी से पंचशील कॉलोनी पार्ट वन, पार्ट 2 तक गयी।

# विज की नन्हीं नाती वान्या ने गाया गीत मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगें- राम आएंगें

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज में बचपन भी दिखाई दिया। विज ने उनकी ओर भागते हुए आ रही अपनी नन्हीं नाती वान्या को अपने गले से लगा लिया और गीत ह्यह्यमेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगें-राम आएंगें, राम आएंगेह्नह्न को सुनाने लिए कहा।
इस पर विज की नन्हीं नाती वान्या ने ह्यह्यमेरी झोपड़ी के भाग, आज खुल जाएंगे, राम आएँगे, राम आएँगे, राम आएँगे, मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएँगेंह्नह्न सुनाया।
नन्हीं वान्या ने गीत के बोल पर आगे बढते हुए सुनाया कि ह्यह्यराम आएँगे तो, आंगना सजाऊँगी, दिप जलाके, दिवाली मनाऊँगी, मेरे



जन्मो के सारे, पाप मिट जाएंगे, राम आएँगे, मेरी झोपडी के भाग, आज खुल जाएंगे, राम आएँगे।।
गीत को आगे गाते हुए वान्या ने गाया कि ह्यह्यराम झूलेंगे तो, पालना झुलाऊँगी, मीठे मीठे मैं, भजन सुनाऊँगी, मेरी जिंदगी के, सारे दुःख मिट जाएँगे, राम आएँगे, मेरी झोपडी के भाग, आज खुल जाएंगे, राम आएँगे।। इसी प्रकार, नन्हीं वान्या ने गीत की अगली पंक्तियों को गाते हुए गाया कि ह्यह्य मैं तो रूचि रूचि, भोग लगाऊँगी, माखन मिश्री मैं, राम को खिलाऊंगी, मेरी झोपडी के भाग, आज खुल जाएंगे, राम आएँगे।।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सैनी करेंगे ध्वजारोहण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
स्थानीय पुलिस लाईन में 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कुरूक्षेत्र से सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे।
उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय पुलिस लाईन में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समारोह में कुरुक्षेत्र से सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा परेड की टुकड़ियों का निरीक्षण किया जाएगा तथा वे मार्च पास्ट की टुकड़ियों की सलामी लेंगे। इस उपरांत मुख्य अतिथि संबोधन के माध्यम से अपना संदेश भी देंगे।
उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि राज्यसभा सांसद राम चंद्र जांगड़ा गोहाना में, गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी गन्नौर में तथा पलवल विधायक नयन पाल रावत खरखौदा में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे तथा ध्वजारोहण कर तथा परेड की सलामी लेंगे।

### अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते 22 जनवरी को जिला में शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते 22 जनवरी को जिला में शराब की दुकानें रहेंगी बंद**
**-सरकार के निदेर्शानुसार जिलाधीश डॉ मनोज कुमार ने जारी किए आदेश**
**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते जिला में 22 जनवरी को शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी। सरकार के निदेर्शानुसार जिलाधीश डॉ मनोज कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं। जिलाधीश डॉ मनोज कुमार ने अपने आदेशों में सरकार द्वारा दिए गए निदेर्शों का हवाला देते हुए कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। पूरे देशभर में उत्सव का माहौल है। जिला में अमन और शांति कायम रखने को लेकर आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा प्रदेश भर में 22 जनवरी को प्रत्येक जिला में शराब की सभी सरकारी दुकानें बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पंजाब एक्साइज अधिनियम, 1914 की धारा 54 के तहत आदेश दिए हैं कि जिला सोनीपत में भी 22 जनवरी को शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी।

### ब्लू बैल्स स्कूल में हुआ प्रभु श्री राम की महिमा का गुणगान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-नारायणगढ़ (मनीष कुमार)**
प्रभु श्री राम के मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में ब्लू बैल्स स्कूल, नारायणगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत कर पुरे माहौल को राम मय बना दिया। कार्यक्रम का आरम्भ प्रभु श्री राम की छवि के आगे दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद विभिन्न छात्रों ने राम भजन गाकर सबको मत्रमुग्द कर दिया। श्री राम स्तुति के साथ श्री राम नाम की माला का 108 राम जप किया गय। कार्यक्रम के दौरान सभी का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम का समापन प्रभु श्री राम की आरती के साथ हुआ। अंत में सभी बच्चो , अध्यापको एवं कार्यकर्ताओ को प्रसाद वितरित किया गया।

# थाना घौज पुलिस ने लावारिस महिला को ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम पहुंचाया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
थाना घौज पुलिस के हैडकांस्टेबल सतपाल ने ठंड के इस मौसम में लावारिस धूम रही महिला को ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम पहुंचाकर बहुत ही नेक कार्य किया है। हैडकांस्टेबल सतपाल ने आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को बताया कि सुशीला नामक महिला आलमपुर में रात को कयूम के खेतों में लावारिस हालत में घूम रही थी जिसपर कयूम ने 112 पर फोन किया और हम उसे घौज थाना लेकर आए। इसके उपरांत लावारिस महिला का मेडिकल कराकर हम इसे आश्रम में भर्ती कराने आए है।

# कांग्रेस संदेश यात्रा का 24 को समालखा में होगा स्वागतः भरत सिंह छौक्कर

**ओबीसी सम्मेलन**

***ओबीसी समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिए बगैर कांग्रेस का सता में आना संभव नहीं :रमेश सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया/ समालखा ( कुलदीप सिंह )**
समालखा के पूर्व विधायक एवं हरियाणा कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष भरत सिंह छौक्कर ने जीटी रोड स्थित अपने आवास पर रविवार को ओबीसी सम्मेलन आयोजित किया। पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को कांग्रेस की संदेश यात्रा समालखा में पहुंच रही है,जिसका उनकी ओर से गांव किवाना में यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा। उन्होंने जनसमूह से किवाना में पहुंचने का न्योता भी दिया।
सम्मेलन के मुख्य अतिथि कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला तो कार्यक्रम में नहीं पहुंचे, लेकिन उनके संदेश वाहक बन कर आए हरियाणा कृषक समाज के अध्यक्ष ईश्वर सिंह नैन ने भरत सिंह छौक्कर को सुरजेवाला की तरफ से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस टिकट दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की क्रूर नीतियों के कारण देश ओर प्रदेश में मंहगाई ओर भ्रष्टाचार चरम पर है जिससे किसान,व्यापारी, गरीब मजदूर सभी दुःखी है। इसलिए इस बार सरकार बदलने की जरूरत है। ओबीसी सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी ने प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता की मौजूदगी में कांग्रेस को चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस ने ओबीसी समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया तो कांग्रेस हरियाणा में सरकार नहीं बना पायेंगी। उन्होंने विधानसभा चुनाव में 38 तथा लोकसभा की 4 टिकट ओबीसी समाज के लिए मांगी है। उन्होंने ओबीसी सम्मेलन के आयोजक भरत सिंह छौक्कर को आश्वस्त किया कि वह भी उन्हें टिकट दिलाने के लिए जोर लगा देंगे। इससे पहले ओबीसी सम्मेलन को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा भाजपा धर्म व श्री राम के नाम पर राजनीति कर रही है। जबकि प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार व महंगाई से जूझ रही है। किसान के खाद के कट्टे का वजन दस किलो कम करके उनके साथ धोखा किया है। हरियाणा कांग्रेस संदेश यात्रा निकाल रही है जिसको आम जनता का भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

# भाजपा प्रदेश सचिव उमेश शर्मा का सोनीपत पहुंचने पर जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पंडित उमेश शर्मा भाजपा सचिव हरियाणा प्रदेश का आज सोनीपत पहुंचने पर ब्राह्मण समाज व 36 बिरादरी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह मुख्य रूप रूप से मुरथल रोड शिवाय प्रॉपर्टीस , सेक्टर 15 मार्केट ,गणपति ढाबा जी टी रोड पर ब्राह्मण समाज की तरफ से व ओमेक्स सिटी में सर्व समाज की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। इन इस मौके पर भाजपा प्रदेश सचिव में शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।



उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे-छोटे कार्यकर्ता का भी भरपूर मान सम्मान किया जाता है । इस समारोह में मुख्य रूप से सोनीपत के जो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भाजपा के युवा नेता माईराम कौशिक, ब्राह्मण उत्थान परिषद के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, एडवोकेट रविंद्र शर्मा डॉ इंद्र शर्मा, कपिल शर्मा, अनिल जमदग्नि, संदीप कौशिक,रामपाल मरीची, संजय शर्मा, विपिन वत्स,सतपाल कौशिक, राजेंद्र गौतम, सतनारायण शर्मा, आकाश पालीवाल, अंतर पाल बालयान, नवीन शर्मा, जितेंद्र कोशिक मंडल अध्यक्ष, सतनारायन आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में साइबर सेफ्टी पर व्याख्यान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
दिनांक 21 जनवरी 2024 सेक्टर 9 स्थित फरीदाबाद डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का सातवां दिन था इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ आईटी विभाग की अध्यक्षा शालू भाटिया जी ने स्वयंसेवकों को "साइबर सेफ्टी" विषय पर व्याख्यान दिया और भविष्य में आने वाले खतरों से सतर्क रहने का उपाय बताए/ स्वयंसेवकों ने भी सामने आकर अपने विचार व्यक्त किया 7 दिन के इस विशेष शिविर में सभी स्वयंसेवकों नेगतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

# एल्डिको सोसाइटी में हनुमान मंदिर द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अयोध्या धाम में भगवान श्री राम जी विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एल्डिको सोसाइटी में अंजनी सुत हनुमान मंदिर के श्रद्धालुओं, राम भक्तों और सभी निवासियों द्वारा रविवार को सोसाइटी प्रांगण में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर एल्डिको सोसाइटी में पहुंचें मेयर निखिल मदान ने दीप प्रज्वलित कर और नारियल तोड़कर शोभा यात्रा को शुरू करवाया और उपस्थित बड़े बुजुर्गों, मातृशक्ति का आशीर्वाद लिया।
मेयर निखिल मदान ने अपने संबोधन में सभी क्षेत्रवासियों को राम मंदिर निर्माण की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज समस्त देशवासियों के लिए बेहद गौरव का क्षण है कि लगभग 500 सालों के संघर्ष के बाद आज राम लला अपने उसी स्थान पर विराजमान हुए हैं जहां उनका जन्म हुआ था। मेयर ने कहा कि वह

**शोभा यात्रा**

**मेयर निखिल मदान ने दीप प्रज्वलित कर और नारियल तोड़कर शुरू करवाई शोभा यात्रा**

खुद को सौभाग्यशाली समझते हैं कि वो अपने जीवन में साक्षात रूप से राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देख पाए।
मेयर निखिल मदान ने कहा की मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हर देशवासी के लिए आदर्श है।
इस अवसर पर दिलबाग दहिया, बिजेंदर कुमार, सतिंदर राठी, जितेंद्र दहिया, राजेश दुहन, प्रो. संदीप, हरीश दहिया, विष्णु दत्त शर्मा,संजीव मलिक,विकेश दहिया, अनीता अंतिल, सुनीता डुडेजा,प्रीति बंसल, सीमा पंवार,ललिता वसिष्ठ, किरण सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह देशभर में: माई राम कौशिक

**रामलला**

**माई राम कौशिक ने कहा कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद रामलला भव्य मंदिर में प्रवेश करेंगे।**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
राई विधायक के भाई भाजपा नेता माई राम कौशिक ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह देशभर में देखने का मिल रहा है। जगह-जगह पर रामधुन गाते हुए राम भक्त शोभा यात्रा निकाल रहे है।
उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद रामलला भव्य मंदिर में प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह वाकई ऐतिहासिक क्षण होगा राम मंदिर केवल राम मंदिर नहीं है बल्कि 500 साल की लड़ाई की जीत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के निर्माण को लेकर न केवल अयोध्या बल्कि देश और दुनिया में हर तरफ खुशी का माहौल है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोनीपत में निकाली गई शोभायात्रा में भाजपा नेता माईराम कौशिक ने जमकर जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान श्री राम दरबार की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। श्री राम के गीतों पर लोग जमकर झुमें। महिलाओं और बच्चों ने जमकर फूल बरसाए और जय श्रीराम का उद्घोष भी हुआ। शोभायात्रा जिन जिन मार्गों से गुजरी, वहां का वातावरण श्री राम के नारों से गुंजायमान हो उठा। अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया।

# नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट एवं लॉयर्स जस्टिस फॉर्म के सहयोग से कंबल वितरण

**शिरकत**

**इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बडखल क्षेत्र की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने शिरकत की।**




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट एवं लॉयर्स जस्टिस फॉर्म के सहयोग से श्री राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर कंबल वितरण एवं भंडारे प्रसाद का आयोजन बडखल विधानसभा क्षेत्र के दो नंबर बी ब्लॉक में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बडखल क्षेत्र की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने शिरकत की। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक दशरथ चौरसिया ने आए हुए मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का पटका पहनाकर व स्मृति भेंट कर स्वागत किया।
कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने बताया कि भगवान श्रीराम ने सिखाया है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जरूरतमंदों को गर्म वस्त्रों का वितरण करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा व वरिष्ठ एडवोकेट संदीप सेठी ने बताया कि एक-दूसरे की मदद करना समाज को राम का चरित्र सिखाता है। लॉयर्स जस्टिस फॉर्म के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश खटाना व विकास वर्मा ने बताया कि बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस ठंड के मौसम में कम्बलों का जरूरतमंद लोगों को वितरण करना ईश्वर की सेवा करने के बराबर है। कार्यक्रम के आयोजक दशरथ चौरसिया ने बताया कि बुजुर्गों की प्रेरणा से सेवा कार्यों में हम सबको लगे रहना चाहिए, जिससे समाज और देश हित में जो भी कार्यक्रम हम कर सकते हैं या जरूरतमंदों की सेवा करते रहना चाहिए यही असली ईश्वर की उपासना है।
इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलजीत कौशिक, पूर्व उप डिप्टी मेयर राजेंद्र भामला, कांग्रेस युवा नेता भारत अरोड़ा, सुरजीत नागर, अरुण मिश्रा, भाजपा नेता कविंद्र चौधरी, राजवती, अनुराधा भारद्वाज, भोलानाथ मिश्रा, एडवोकेट दीपक गेरा, निलेश झा, किशोरी लाल जांगिड़, संजय जैन, संजय श्रीवास्तव, हितेश कथूरिया, हरीश चौरसिया, शैलेश चौरसिया, बाबूलाल चौरसिया, रामचंद्र चौरसिया, रामपाल चौरसिया, चंद्रिका चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# किवाना में 11 सौ महिलाओं ने कलश उठाकर निकाली श्रीराम शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा कुलदीप सिंह )**
भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर की अगुवाई में खंड के किवाना गांव में श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश उठाकर श्रीराम शोभायात्रा निकाली। रविवार को भाजपा नेता कृष्ण छौक्कर ने अपने पैतृक गांव में श्रीराम शोभायात्रा निकाली जिसमें महिलाओं व युवतियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। यह कलश यात्रा बसंती माता मंदिर से शुरू होकर परे गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर में पहुंची। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण



किवाना सभी राम भक्तों को अयोध्या में भगवान श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी उन्होंने कहा कि करीब 500 सालों के संघर्ष के बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उन्होंने बताया कि इसी उपलक्ष पर गांव किवाना में 11 सौ महिलाओं ने कलश उठाकर श्रीराम शोभायात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान श्री राम की झांकी धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकाली गई।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# मंगल ध्वनि से गूंजेगा नव्य भव्य राम मंदिर

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिर परिसर में 2 घंटे तक विभिन्न वाद्ययंत्रों का होगा वादन

**भक्ति भाव**

**⏩ कर्नाटक की वीणा, महाराष्ट्र के सुंदरी, पंजाब का अलगोजा और ओडिशा के मर्दल का भी होगा प्रदर्शन**



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
भक्ति भाव से विभोर अयोध्या धाम में सोमवार को श्री राम जन्मभूमि पर होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत मंगल ध्वनि से होगी।

50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्र, विभिन्न राज्यों से लगभग 2 घंटे तक इस शुभ घटना के साक्षी बनेंगे। यह भव्य संगीत कार्यक्रम हर भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर का प्रतीक होगी, जो प्रभु श्री राम के सम्मान में विविध परंपराओं को एकजुट करने का कार्य करेगी। इस मांगलिक संगीत कार्यक्रम के परिकल्पनाकार और संयोजक यतीन्द्र मिश्र हैं, जो प्रख्यात लेखक, अयोध्या संस्कृति के जानकार और कलाविद् है। इस कार्य में उनका सहयोग केंद्रीय संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली ने किया है।

**मुहूर्त से ठीक पहले होगा वादन**
श्रीरामजन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पुनीत और ऐतिहासिक अवसर पर प्रातः 10 बजे से प्राण-प्रतिष्ठा मुहूर्त के ठीक पहले तक, लगभग 2 घण्टे के लिए श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर में शुभ की प्रतिष्ठा के लिए 'मंगल ध्वनि का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि हमारी भारतीय संस्कृति की परम्परा में किसी भी शुभ कार्य, अनुष्ठान, पर्व के अवसर पर देवता के सम्मुख आनन्द और मंगल के लिए पारम्परिक ढंग से मंगल- ध्वनि का विधान रचा गया है।

सन्दर्भ में प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का यह श्रीअवसर, प्रत्येक भारतवासी के लिए शताब्दियों में होने वाला ऐसा गौरव का क्षण है, जब हम सम्पूर्ण भारत के विभिन्न अंचलों और राज्यों से वहां के पारम्परिक वाद्यों का वादन यहां श्रीरामलला के सम्मुख करने जा रहे हैं।

विभिन्न राज्यों के पच्चीस प्रमुख और दुर्लभ वाद्य यन्त्रों के मंगल वादन से अयोध्या में ये प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न होगा। इसे उन वादों के दक्ष कलाकार प्रस्तुत करेंगे। इन राज्यों के प्रमुख वाद्यों का होगा वादनः भारतीय परंपरा के वादन में जितने प्रकार के वाद्ययंत्र हैं, सभी का मंदिर प्रांगण में वादन होगा।

## अनुष्ठान के पांचवें दिन हुई वास्तु पूजा

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**श्रीराम** मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शनिवार को पांचवें दिन सुबह नौ बजे से शुरू हुआ। शनिवार को पूजा अनुष्ठान शाम तक चला। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 16 जनवरी को दोपहर बाद सरयू नदी से प्रारम्भ हुआ था, जिसके बाद 17 जनवरी को श्रीरामलला की मूर्ति का मंदिर परिसर में आगमन हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में श्रीरामलला के विग्रह के अधिवास के साथ शनिवार को मुख्यत: वास्तुपूजा हुई। इस पूजा में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तरफ से अनिल मिश्र सपरिवार और विश्व हिन्दू परिषद के कार्याध्यक्ष आलोक एवं अन्य लोगों ने पूजा की। प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्रीरामलला की मुख्य प्रतिमा गर्भ गृह में विराजमान है और विविध अधिवास में है। आज श्रीरामलला के विग्रह को पहले शर्करा अधिवास और फलाधिवास में रखा गया।

# रामनगरी में होंगे समूचे भारत के दर्शन

## शाम सात से आठ बजे तक उज्जैन के शर्मा बंधु भजनों की सुर गंगा में डुबकी लगाएंगे

**उत्सव**

**⏩ मालिनी अवस्थी-कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकारों से सुरमयी होगी सांझ,राम की पैड़ी पर होगी लेजर शो**



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
आखिरकार 22 जनवरी की वह तिथि आ ही गई, जिसका इंतजार 500 वर्षों से था। इस तिथि पर समूची रामनगरी को सजाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद ही सारी व्यवस्था की कमान संभाली और निरंतर निरीक्षण कर अभूतपूर्व आयोजन का निर्देश भी दिया। अब 22 जनवरी को रामनगरी में समूचे भारत के दर्शन होंगे। संस्कृति मंत्रालय के क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के 200 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इनमें यहां आंध्र प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, मेजबान उत्तर प्रदेश की झलक प्रस्तुत होगी। वहीं मालिनी अवस्थी- कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकार भी सुरमयी सांझ सजाएंगे। राम की पैड़ी पर इको फ्रेंडली आतिशबाजी व लेजर शो भी होगा।

**राम की पैड़ी पर होगी लेजर शो व इको फ्रेंडली आतिशबाजी:** 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत अनेक आयोजन होंगे। शाम छह बजे से श्रीराम भारती कला केंद्र की तरफ से रामकथा पार्क में रामलीला होगी। वहीं पर्यटन विभाग के तत्वावधान में शाम 6.30 बजे से सात बजे तक राम की पैड़ी पर सरयू आरती होगी। सात बजे तक यहीं प्रोजेक्शन शो का आयोजन किया गया है। शाम साढ़े सात से 7.45 तक राम की पैड़ी पर लेजर शो होगा। इसके पश्चात इको फ्रेंडली आतिशबाजी का नजारा प्रस्तुत किया जाएगा।

मालिनी अवस्थी, कन्हैया मित्तल के कार्यक्रमों से सुरमयी होगी सांझ रामनगरी में प्राण-प्रतिष्ठा की सांझ पद्मश्री मालिनी अवस्थी तथा कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकारों से सुरमयी होगी। तुलसी उद्यान पर रात्रि 8 से 9 बजे तक मालिनी अवस्थी का कार्यक्रम होगा। इसी अवधि में कन्हैया मित्तल रामकथा पार्क में प्रस्तुति देंगे। तुलसी उद्यान में शाम सात से आठ बजे तक उज्जैन के शर्मा बंधु भजनों की सुर गंगा में डुबकी लगाएंगे।

# 100 मंचों पर सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बन रहे लोक कलाकार



**दिव्यतम**

**⏩ सीएम योगी के निर्देश पर प्रधानमंत्री के भव्य स्वागत में जुटा संस्कृति विभाग, शंख वादन से पुनः होगा दिव्यतम-भव्यतम**

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर 2023 को रामनगरी आए थे तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उनका अभूतपूर्व स्वागत किया गया। 22 जनवरी 2024 को वह अद्भुत क्षण होगा, जिसका 500 वर्षों से इंतजार था, लिहाजा आयोजन भी दिव्यतम होगा। इसे देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसे भव्यतम बनाने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उप्र संस्कृति विभाग ने सारी तैयारी कर ली है। संस्कृति विभाग द्वारा तैयार किया गए 100 मंचों पर 2500 लोक कलाकार सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बनेंगे और नृत्य-गायन-वादन की अनेक विधाओं के जरिए कलियुग की अयोध्या में त्रेतायुग सा दीदार कराएंगे।

22 जनवरी को 100 मंच पर होंगे 2500 कलाकारः रामनगरी में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। प्रधानमंत्री के आगमन पर उनका भव्य स्वागत होगा। यहां 100 मंचों पर 2500 कलाकार भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बनेंगे। 21 जनवरी को इसका पूर्वाभ्यास भी किया गया। 100 स्थानों पर कलाकार भारतीय संस्कृति की खुशबू अपनी प्रस्तुति से बिखरेंगे। इनमें एयरपोर्ट के गेट नंबर-3 के सामने, गुरुदेव पैलेस के सामने, दिशा कोचिंग के सामने रामजन्मभूमि, होटल राजा राम पैलेस समेत 100 मंचों पर कार्यक्रम होगा। रामनगरी में यूपी की विविध दिखेगा पूरा उत्तर प्रदेश रामनगरी में सिर्फ अवध ही नहीं, बल्कि पूरा उत्तर प्रदेश नजर आएगा।

# मेहमानों को दिया जाएगा शुद्ध देशी घी से बना महाप्रसाद

**महाप्रसाद**

**⏩ कार्यक्रम के दौरान मेहमानों को मंदिर परिसर में देश घी से तैयार भोजन भी परोसे जाने की तैयारी है।**

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
अयोध्या धाम में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अब कुछ ही घंटे शेष हैं। योगी सरकार ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए अयोध्या धाम को एक दुल्हन की तरह सजा दिया है। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले वीआईपी मेहमानों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से महाप्रसाद तैयार कराया गया है। जो प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्हें भेंट किया जाएगा।

इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान मेहमानों को मंदिर परिसर में देश घी से तैयार भोजन भी परोसे जाने की तैयारी है। श्रीराम जन्भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मार्गदर्शन में गुजरात की भगवा सेना भारती गरवी गुजरात व सन्त सेवा संस्थान की ओर से महाप्रसाद तैयार किया जा रहा है। जिसे प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम के बाद मेहमानों को वितरित किया जाएगा।

# 200 टीपीडी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रिया से लैस होगा अयोध्या धाम

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाने के विजन से कार्य कर रही योगी सरकार स्वच्छता के सभी मानकों को अयोध्या में लागू कर पुरातन वैभव युक्त नगरी की दशा-दिशा बदलने के लिए प्रयासरत हैं। इस क्रम में, अयोध्या में अपशिष्ट निस्तारण व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रियाओं के कुशल प्रबंधन की जो कार्यप्रणाली विस्तृत कार्ययोजना के जरिए सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में स्वीकृत हुई थी उसे क्रियान्वित कर दिया गया है। अयोध्या नगर निगम द्वारा सीएम योगी की मंशा अनुरूप अयोध्या में 200 टन प्रति दिन (टीपीडी) कैपेसिटी युक्त सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस क्रम में, अयोध्या नगर निगम द्वारा 7 वर्षों की अवधि के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना व संचालन एजेंसी व कॉन्ट्रैक्टर्स के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्य अवधि को प्रदर्शन के आधार पर 4 वर्षों के लिए बढ़ाया भी जा सकता है तथा इसके अंतर्गत जीरो वेस्ट डिस्चार्ज पैटर्न के अनुरूप वेट वेस्ट प्रोसेसिंग, ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग व सैनिटरी लैंड फिल जैसी प्रक्रियाओं की पूर्ति के जरिए अपशिष्ट निस्तारण को पूर्ण किया जाएगा।

